

चेक बाउंस मामले में राम गोपाल वर्मा दोषी करार
पेज - 7

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


'सभी के लिए है जीवन का अधिकार'
पेज - 8

वर्ष : 33 | अंक : 309 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

सैफ हमला केस

# बांग्लादेशी ही है शरीफुल

## मोहम्मद शरीफुल इस्लाम का ड्राइविंग लाइसेंस मिला, पहले मिला था बर्थ सर्टिफिकेट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पुलिस ने कुछ दिन पहले मुंबई के ठाणे से सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी शरीफुल इस्लाम (30 साल उम्र) को गिरफ्तार किया। यह एक बांग्लादेशी नागरिक है, जो भारत में अवैध तरीके से नाम बदलकर रख रहा था। इसने अपना नाम विजय दास रखा हुआ था। हमला के आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद के बांग्लादेशी होने के सबूत भी मिल गए हैं. मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच को उसका बांग्लादेशी आईडी कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मिला है. इसमें उसका नाम शरीफुल इस्लाम लिखा गया है. उसके पिता का नाम मोहम्मद रुहुल अमीन है. उसकी उम्र 31 साल दर्ज है. उधर शरीफुल इस्लाम के पिता रुहुल अमीन का कहना है कि सीसीटीवी में जो लड़का दिख रहा है, वह उनका बेटा नहीं है। हां, जिसे मुंबई पुलिस ने पकड़ा है, वह जरूर उनका बेटा है। रुहुल अमीन के इस बयान के बाद से सैफ अली खान का केस अलग मोड़ ले सकता है।





### नितेश राणे के बोल बिगड़े

शिवसेना नेता संजय निरुपम के बाद महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर गंभीर सवाल उठाए। एक सभा को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने कहा, 'देखिए मुंबई में बांग्लादेशी क्या कर रहे हैं। वे सैफ अली खान के घर में घुस गए। पहले वे सड़कों के चौराहे पर खड़े रहते थे, अब वे घरों में घुसने लगे हैं। शायद वे सैफ को ले जाने आए थे। यह अच्छा है, कचरा हटा देना चाहिए।'

### फिंगरप्रिंट आरोपी से मैच

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के घर से आरोपी हमलावर के लिए गए फिंगरप्रिंट पकड़े गए बांग्लादेशी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद से मैच कर गए हैं। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सैफ के बेटे जहांगीर के कमरे, दरवाजे के हैंडल, बाथरूम के दरवाजे और सीढियों पर से आरोपी के फिंगरप्रिंट लिए थे। इसे फोरेंसिक जांच के लिए लैब में भेजा गया था। वहां आरोपी के साथ उसका मिलान किया गया। उधर, मुंबई पुलिस ने सैफ अली खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर दो शिफ्ट में दो कांस्टेबल तैनात किए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'हमने बांद्रा वेस्ट में सैफ की सतगुरु शरण बिल्डिंग के बाहर अस्थायी पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई है। बांद्रा पुलिस स्टेशन से दो कांस्टेबल दो शिफ्ट में वहां तैनात रहेंगे। सुरक्षा के तौर पर सीसीटीवी कैमरे और विडो ग्रिल भी लगाए गए हैं। आरोपी से पूछताछ जारी है।'

# 'बैलेट पेपर से चुनाव कराएं'

बालासाहेब ठाकरे की जयंती पर बोले उद्धव ठाकरे




डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शिवसेना संस्थापक और अपने पिता बालासाहेब ठाकरे की जयंती पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे को वह स्वीकार्य नहीं करते हैं। साथ ही, उन्होंने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की भी मांग की।

### अमित शाह पर किया हमला

शिवसेना-यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे ने कहा- हम चुनाव परिणामों (महाराष्ट्र चुनाव) के बाद पहली बार इस तरह से मिल रहे हैं। 2 महीने पहले आए परिणाम मुझे स्वीकार्य नहीं हैं। अमित शाह यहां आए और कहा कि यह जीत (महायुति की) उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखाएगी। मैं आपको दिखाऊंगा कि एक घायल बाघ क्या कर सकता है।

### हमारा हिंदुत्व साफ है- उद्धव ठाकरे

उद्धव ठाकरे ने कहा- अगर आपमें थोड़ी भी शर्म है तो ईवीएम को एक तरफ रखें और बैलेट पेपर से चुनाव कराएं। जो कोई भी हिंदू-मुस्लिम दुश्मनी फैलाता है, वह हिंदू नहीं हो सकता, हमारा हिंदुत्व साफ है। उद्धव ठाकरे ने आगे कहा- मैंने यह कार्यक्रम इसलिए आयोजित किया ताकि देख सकूं कि कितने लोग मेरे साथ हैं। जब तक आप शिवसैनिक हैं, मैं आपकी पार्टी का अध्यक्ष रहूंगा। हम देशद्रोहियों को सबक सिखाएंगे। जब कोई आकर मुझसे कहेगा कि मैंने बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा को त्याग दिया है, तो मैं किनारे हो जाऊंगा।

# लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का आवश्यक हिस्सा नहीं: कोर्ट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई





बॉम्बे हाईकोर्ट ने कानून प्रवर्तक एजेंसियों को ध्वनि प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन करने वाले लाउडस्पीकर पर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि लाउडस्पीकर बजाना किसी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। अदालत ने कानून प्रवर्तक एजेंसियों को ध्वनि प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन करने वाले लाउडस्पीकर पर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जस्टिस एएस गडकरी और जस्टिस एससी चांडक की खंडपीठ ने कहा कि शोर स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि अगर उसे लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाती है तो उसके अधिकार किसी भी तरह से प्रभावित होंगे। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि वह धार्मिक संस्थानों को ऑटो-डेसिबल सीमा के साथ कैलिब्रेटेड साउंड सिस्टम समेत शोर के स्तर को नियंत्रित करने के लिए तंत्र अपनाने का निर्देश दे।

अदालत ने उपनगरीय कुर्ला के दो हाउसिंग एसोसिएशन-जागो नेहरू नगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन और शिवसृष्टि को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटीज एसोसिएशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में क्षेत्र में मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ पुलिस की निष्क्रियता का आरोप लगाया गया था। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि धार्मिक उद्देश्यों के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल, जिसमें अजान (इस्लामी प्रार्थना का आह्वान) का पाठ शामिल है, शांति को भंग करता है और ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के साथ-साथ पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है।

पीठ ने कहा कि मुंबई एक महानगरीय शहर है और जाहिर है कि शहर के हर हिस्से में अलग-अलग धर्मों के लोग रहते हैं। यह जनहित में है कि ऐसी अनुमति न दी जाए। ऐसी अनुमति न देने से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 या 25 के तहत अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता है। लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार और अन्य प्राधिकारियों का यह 'कर्तव्य' है कि वे कानून के प्रावधानों के तहत निर्धारित सभी आवश्यक उपाय अपनाकर कानून को लागू करें। फैसले में कहा गया, एक लोकतांत्रिक राज्य में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि कोई व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह/व्यक्तियों का संगठन कहे कि वह देश के कानून का पालन नहीं करेगा और कानून लागू करने वाले अधिकारी मूकदर्शक बने रहेंगे। इसमें कहा गया है कि आम नागरिक लाउडस्पीकर और/या एम्प्लीफायर के इन घृणित उपयोग के असहाय शिकार हैं।

अदालत ने कहा कि पुलिस को ध्वनि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने वाले लाउडस्पीकर के खिलाफ शिकायतों पर शिकायतकर्ता की पहचान मांगे बिना कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि ऐसे शिकायतकर्ताओं को निशाना बनाए जाने, दुर्भावना और घृणा से बचाया जा सके। अदालत ने मुंबई के पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे सभी थानों को निर्देश जारी करें कि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के खिलाफ कोई भी शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई हो।

### ध्वनि का स्तर दिन के समय 55 डेसिबल से अधिक नहीं होना चाहिए

अदालत ने कहा, हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेते हैं कि आम तौर पर लोग/नागरिक तब तक किसी चीज के बारे में शिकायत नहीं करते जब तक कि वह असहनीय और परेशानी का कारण न बन जाए ।अदालत ने अधिकारियों को याद दिलाया कि आवासीय क्षेत्रों में परिवेशी ध्वनि का स्तर दिन के समय 55 डेसिबल से अधिक नहीं होना चाहिए तथा रात में 45 डेसिबल से अधिक नहीं होना चाहिए।

# एसटी की जमीनों को विकसित करने हेतु बढ़ाई जाएगी लीज की अवधि

- बनेगा 100 बिस्तर का अस्पताल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल (एसटी) की जमीनों को बीओटी मॉडल पर विकसित करने के लिए लीज (किराया करार) की अवधि 60 साल के बजाय 99 साल तक बढ़ाई जाएगी। प्रदेश के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने की योजना बनाई है। गुरुवार को 'दैनिक भास्कर' से बातचीत में सरनाईक ने कहा कि एसटी की जमीनों को व्यावसायिक इस्तेमाल को लेकर बीओटी (बनाओ-चलाओ और सौंप दो) मॉडल पर विकसित करने लीज की अवधि 60 साल है। जबकि राज्य में म्हाडा, सिडको, एमटीडीसी जैसी सरकारी संस्थाओं की जमीनों के लिए लीज की अवधि 99 वर्ष की है। इसलिए मेरा मानना है कि एसटी महामंडल में भी लीज की अवधि को बढ़ाकर 99 साल किया जाना चाहिए। यदि लीज की अवधि बढ़ाई गई तो एसटी के डिपो और स्टैंड को विकसित करने के लिए ज्यादा बिल्डर आगे आएंगे। इसलिए एसटी की जमीनों के लीज के लिए 30 साल, 30 साल, 30 साल और 9 साल कुल मिलाकर 99 वर्ष का फार्मूला लागू करने की योजना की है। वहीं परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 99 साल के लीज के प्रस्ताव को तैयार करने के बाद उसको मंजूरी के लिए राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा। एसटी की जमीनों को विकसित करने के लिए उसको तीन हिस्से शहरी, अर्धशहरी और ग्रामीण इलाके के रूप में विभाजीत किया जाएगा।

### क्या है योजना

परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि एसटी महामंडल घाटे में चल रहा है। एसटी कर्मचारियों को वेतन भुगतान के लिए सरकार से हर महीने 360 करोड़ रुपए लेना पड़ता है। इसके मद्देनजर एसटी ने राजस्व बढ़ाने के लिए अपनी जमीनों को बीओटी मॉडल पर विकसित करने का फैसला लिया है। राज्य भर में एसटी की 842 जगहों पर 1360 हेक्टेयर भूखंड का लैंड बैंक बनाया है। बीओटी योजना के तहत बिल्डर को किसी जगह के कुल भूखंड में से एक-तिहाई जगह पर डिपो अथवा बस स्टैंड और अस्पताल, वर्क शॉप का निर्माण मुफ्त में करना होगा। नए डिपो, बस स्टैंड और वर्क शॉप बनने के बाद उसका अगले पांच साल तक देखभाल और मरम्मत काम की जिम्मेदारी संबंधित बिल्डर की होगी। जबकि बची हुई जमीन का इस्तेमाल बिल्डर व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए कर सकते हैं। बिल्डर खाली जमीन पर दुकानें, होटल अथवा अन्य वाणिज्यिक उपयोग कर सकते हैं। इससे संबंधित बिल्डर को मुनाफा होगा।

### शिंदे सरकार ने बढ़ाई थी 60 वर्ष की थी अवधि

राज्य के परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार में तत्कालीन परिवहन मंत्री दिवाकर रावते ने जमीन को 30 साल के लिए लीज पर देने का फैसला लिया था। लेकिन एक भी ठेकेदार काम के लिए आगे नहीं आया था। इसके मद्देनजर पूर्व की शिंदे सरकार ने 23 सितंबर 2024 ने लीज की अवधि 30 साल से बढ़ाकर 60 वर्ष की करने का फैसला लिया था। एसटी महामंडल ने बीओटी पर मुंबई सेंट्रल में स्थिति मुख्यालय, बोरिवली और कुर्ला डिपो, पुणे के शिवाजीनगर डिपो समेत राज्य भर के डिपो और स्टैंड को विकसित करने की योजना है।

# यूपी-राजस्थान समेत 12 राज्यों के 200 टोल पर घोटाला

- बिना फास्टैग की गाड़ियां फ्री कैटेगरी में दिखाईं
- सॉफ्टवेयर बदलकर पैसा पर्सनल अकाउंट में लिया



एजेंसी | नई दिल्ली

देशभर के 200 से ज्यादा टोल प्लाजा पर सॉफ्टवेयर के जरिए करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले तीन जालसाजों को STF की वाराणसी और लखनऊ यूनिट ने गिरफ्तार किया है। मिर्जापुर के लालगंज स्थित अतरैला टोल प्लाजा पर छापा मारकर इन्हें पकड़ा गया। आरोपियों ने NHAI को सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी आलोक कुमार सिंह ने एमसीए किया हुआ है और उसे सॉफ्टवेयर बनाने की पूरी जानकारी है। उसने एक सॉफ्टवेयर तैयार किया, जिसे टोल प्लाजा के कंप्यूटर सिस्टम में इंस्टॉल कर दिया जाता था। यह सॉफ्टवेयर फास्ट टैग रहित वाहनों से वसूले गए दोगुने टोल शुल्क को NHAI के सिस्टम से अलग कर देता था। STF के मुताबिक, आरोपियों ने इस सॉफ्टवेयर को 42 टोल प्लाजा पर इंस्टॉल किया था। आलोक कुमार सिंह ने बताया कि उसने यह गबन टोल प्लाजा मालिकों और प्रबंधकों की मिलीभगत से किया। ठगी से हासिल रकम को टोल कर्मियों और अपने साथियों के बीच बांटा जाता था।

गिरफ्तार आरोपियों में आलोक कुमार सिंह (वाराणसी), मनीष मिश्रा (मध्य प्रदेश), और राजीव कुमार मिश्र (प्रयागराज) शामिल हैं। STF ने इनके पास से दो लैपटॉप, एक प्रिंटर, पांच मोबाइल फोन और एक कार बरामद की है। आरोपियों पर मिर्जापुर के लालगंज थाने में केस दर्ज किया गया है और जांच जारी है। गिरफ्तार आलोक कुमार सिंह ने बताया कि वह एमसीए किया है, उसे साफ्टवेयर बनाने की अच्छी जानकारी है। इसके पूर्व में टोल प्लाजा पर काम भी कर चुका है। इसके अलावा रिद्धि-सिद्धि कंपनी के साथ पूर्व में सावंत और सुखांत के साथ काम किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा-316(2), 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340 (2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

जलगांव ट्रेन हादसा

# पांच वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने जांच शुरू की: रेलवे बोर्ड

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम को हुए ट्रेन हादसे मामले की पांच वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों की एक टीम ने जांच शुरू कर दी है। रेलवे बोर्ड ने बताया कि टीम में प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी (पीसीएसओ), प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (पीसीएससी), प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर (पीसीईई), प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (पीसीएमई) और प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम) शामिल हैं और ये सभी अधिकारी मध्य रेलवे जोन से हैं।

### 13 नहीं 12 लोगों की हुई मौत


मध्य रेलवे सीपीआरओ डॉ स्वप्निल नीला ने बताया कि, जलगांव रेल दुर्घटना में अज्ञात शवों के डीएनए जांच के बाद मृतकों की संख्या 12 हो गई है। एक सिर और एक सिर विहीन शव को दो अलग-अलग मृतक माना लिया गया था, लेकिन डीएनए जांच से पुष्टि हुई है कि सिर और धड़ एक ही व्यक्ति के हैं। इसलिए मृतकों की संख्या 12 हो गई है। 12 शवों में से 10 की पहचान हो गई है और मृतकों के परिजनों को अनुग्रह राशि दे दी गई है। उनके शवों को एंबुलेंस के जरिए परिवारों द्वारा सुझाए गए वांछित स्थान पर भेज दिया गया है।

# 200 परिवारों का आशियाना गया उजड़

- नालासोपारा के 34 अवैध इमारतों पर चला बुलडोजर
- सुप्रीम कोर्ट ने भी नहीं सुनी फ़रियाद

डीबीडी संवाददाता | पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा इलाके में हाई कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को 34 अवैध इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई वसई विरार शहर महानगरपालिका ने सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से इनकार के बाद की। डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी के लिए आरक्षित जमीन पर बनी 41 अवैध इमारतों में से 7 को पहले ही गिरा दिया गया था, जबकि शेष 34 इमारतों को अब तोड़ा गया है।



### महानगरपालिका का पक्ष

सहायक आयुक्त मोहन संखे ने कहा कि लक्ष्मी नगर इलाके में आरक्षित जमीन पर अवैध निर्माण खड़े कर लिए गए थे, जिसे कोर्ट ने हटाने का आदेश दिया। इससे पहले 7 इमारतों को ध्वस्त किया गया था और अब बाकी 34 पर कार्रवाई की गई है।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

इस कार्रवाई के दौरान इलाके में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। करीब 400 जवान, जिसमें पुलिस अधिकारी, कांस्टेबल और महाराष्ट्र सुरक्षाबल के जवान शामिल थे, कार्रवाई स्थल पर तैनात थे। इमारतें गिराने के लिए पोकलैंड और जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल किया गया। एसीपी उमेश माने पाटील ने बताया कि कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए यह कार्रवाई की जा रही है।

### पूरा मामला समझें

नालासोपारा पूर्व के अग्रवाल नगरी स्थित लक्ष्मी नगर में डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी प्लांट के लिए आरक्षित भूमि पर 41 अवैध इमारतों का निर्माण हुआ था। बॉम्बे हाई कोर्ट ने इन इमारतों को अवैध घोषित करते हुए उन्हें ध्वस्त करने का आदेश दिया था। बीते साल 2024 की नवंबर में वसई-विरार महानगर पालिका द्वारा इनमें से 7 इमारतें को तोड़ी जा चुकी है। हालांकि इनमें से बची हुई 34 इमारतों में रहने वाले लोगों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए घर खाली नहीं किया था। इसके कारण तब यह कार्रवाई रुक गई थी। कोर्ट ने मनपा से 31 जनवरी तक कार्रवाई करने की रिपोर्ट भी मांगी है। ऐसे में इस आदेश की तामील के लिए मनपा ने कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन से पुलिस बल पहले ही मंगवा लिया था।

# गैंगस्टर डीके राव गिरफ्तार

- होटल मालिक से मांगी रंगदारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



मुंबई पुलिस ने दाऊद इब्राहिम के जानी दुश्कन गैंगस्टर डीके राव को एक होटल व्यवासायी से रंगदारी मांगने के आरोप में अरेस्ट किया है। डीके राव को मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच में आने वाली एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने गिरफ्तार किया है। सेल को एक शिकायत मिली थी। इसमें आराप लगाया था कि गैंगस्टर डीके राव ने छह अन्य लोगों के साथ मिलकर उनके होटल पर कब्जा करने की साजिश रची। इसके बाद 2.5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी और जान से मारने की धमकी दी।

### डीके राव के साथी भी गिरफ्तार

पुलिस ने एक बयान में कहा है कि भारतीय न्याय संहिता (BNS) की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। डीके राव समेत सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। डीके राव को छोटा राजन का करीबी माना जाता है। डीके राव 90 के दशक से अपराध की दुनिया में सक्रिय है।

# 5 साल की मासूम से दुष्कर्म

## मात्र 5 घंटों के भीतर आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर पुलिस परिमंडल 4 के अंतर्गत आने वाले शहरों में महिलाओं, नाबालिगों तथा मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म तथा घिनौनी हरकत करने के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। बुधवार को शहर में एक 5 साल की बच्ची के साथ पिता-पुत्र द्वारा यौन शोषण किए जाने की शर्मनाक घटना सामने आने के बाद हड़कंप मच गया।



### आरोपी पिता हवालात में रवाना

पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के मार्गदर्शन में सेंट्रल पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताड़े ने कार्रवाई करते हुए पुलिस की चार टीम बनाकर आरोपी को 5 घंटे के भीतर लॉकअप में पहुंचाया।

### आरोपी पुत्र भी है नाबालिक

बता दें कि इस मामले में पुलिस ने घटना दर्ज होते ही गंभीरता दिखाई तथा आरोपी पिता-पुत्र को मात्र 5 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पुत्र भी नाबालिग है, उसकी उम्र 12 वर्ष है। घटना की रिपोर्ट 20 जनवरी को दर्ज की गई थी। जानकारी के मुताबिक, बच्ची के साथ नाबालिग बेटे ने 18 जनवरी को और 20 जनवरी को उसके पिता ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।

### नाबालिग बाल सुधार गृह रवाना

पुलिस ने गुरुवार को आरोपी पुत्र व उसके पिता को कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने पिता को आगे की जांच के लिए चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। वहीं, नाबालिग को भिवंडी के बाल सुधार गृह में भेजा गया है। इस घटना से परिसर में सनसनी फैल गई है।

# मुंबई उपनगरीय रेलवे में 2024 में 2468 यात्रियों की मौत

## लाइन क्रॉस करने में गई सबसे अधिक 1151 की जान

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



2023 में मुंबई उपनगरीय रेलवे में 2590 लोगों की मौत हुई। 2024 में इस आंकड़े में थोड़ी कमी आई। मगर तब भी कुल 2468 यात्रियों की मौत दर्ज की गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के आंकड़ों के मुताबिक अब भी मुंबई उपनगरीय रेलवे क्षेत्र में मौत का आंकड़ा काफी अधिक है। पिछले दो सालों में लाइन पार करने और ट्रेन से गिरने से होने वाली सबसे अधिक मौतें कल्याण, बोरीवली और वसई जैसे स्टेशनों में दर्ज की गईं। जीआरपी के आंकड़ों के मुताबिक 2023 में 2590 यात्रियों की मौत हुई। आरटीआई कार्यकर्ता समीर जावेरी को मिले आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक 2468 यात्रियों की मौत हुई। आंकड़ों से यह भी पता चला है कि2023 में 1895 यात्रियों की जान विभिन्न दुर्घटनाओं में गई है। वहीं बाकी 695 यात्रियों की मौत की वजह आत्महत्या, प्राकृतिक और अज्ञात कारणों से हुई थी। अगर 2024 के बात करें तो कुल 2,468 यात्रियों की जान गई है। इनमें से 1,744 की जान हादसे में गई। वहीं बाकी 724 यात्रियों को आत्महत्या, प्राकृतिक और अज्ञात कारणों से अपनी जान गंवानी पड़ी है। 2023 में ठाणे पुलिस क्षेत्राधिकार में सबसे अधिक 179 और बोरीवली पुलिस क्षेत्राधिकार में 154 लोगों की जान लाइन क्रॉस करते समय गई है। 2024 में भी लाइन क्रॉस करते वक्त सबसे अधिक 151 मौतें ठाणे और 137 बोरीवली पुलिस क्षेत्राधिकार में दर्ज की गई हैं। 2023 में ट्रेन से गिरकर होने वाली मौतें सबसे अधिक 114 कल्याण और वसई पुलिस क्षेत्राधिकार में दर्ज की गईं। 2024 में कल्याण पुलिस क्षेत्राधिकार में यह आंकड़ा 116 और वसई पुलिस क्षेत्राधिकार में 45 रहा है।

# एक सप्ताह में दूसरी बार साथ मंच पर आए शरद पवार और अजित पवार

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में पिछले पांच साल की राज्य की राजनीति के लिए काफी उतार-चढ़ाव वाले रहे हैं। विधानसभा चुनावों के बाद से राज्य के नए समीकरण बनने की चर्चा छिड़ी हुई है। हफ्ते में दूसरी बार अजित पवार और शरद पवार के एक मंच पर आने के बाद मंच में राजनीतिक पार चढ़ गया है। चर्चा हो रही है कि क्या वाकई में पवार फैमिली में आई दूरियां कम हो रही हैं। राजनीतिक विश्लेषक बड़े खेला की उम्मीद वक्त कर रहे हैं। गुरुवार को पुणे में वरिष्ठ नेता शरद पवार और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट की बैठक में एक साथ दिखाई दिए। यह उनकी एक सप्ताह में उनकी दूसरी संयुक्त उपस्थिति रही।



### बर्थडे की बधाई देने भी गए थे

इससे पहले बारामती में आयोजित '2025 कृषि महोत्सव' में एक मंच पर आए थे। उस अवसर पर चाचा-भतीजे की जोड़ी ने एक-दूसरे के बगल में बैठने से परहेज किया। जबकि शरद पवार की बेटी, बारामती की सांसद सुप्रिया सुले और अजीत पवार की पत्नी, राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार मौजूद थीं और एक-दूसरे के बगल में बैठी थीं। यह पूरा वाकया मीडिया में छा गया था। अजित पवार हाल ही में शरद के दिल्ली आवास पर उनका जन्मदिन मनाने गए थे। यह घटनाक्रम दिसंबर महीने में हुआ था।तब भी वे कैमरों से बचते हुए दिखे थे। इस मुलाकात की कोई तस्वीर मीडिया में नहीं आई थी।

### चुनावों में सामने आ चुकी है कड़वाहट

पवार फैमिली में पिछले 20 महीने काफी टकराव वाले रहे हैं। जुलाई 2023 में जब अजित पवार शरद पवार से अलग हो गए थे।इसका असर चुनावों में दिखा था।शरद पवार ने पहले अजित पवार की पत्नी के सामने बेटी सुप्रिया को उतारा था फिर अजित के सामने उनके भतीजे युगेंद्र को लड़ाया था। एक बार पवार को जीत मिली तो दूसरी बार अजित भारी पड़े।ऐसे में स्कोर बराबरी का रहा।विधानसभा चुनावों के बाद अजित पवार की मां आशा पवार ने इच्छा व्यक्त की थी कि पूरा परिवार एक हो जाए। आशा पवार अजित के सीएम बनने की इच्छा व्यक्त करती आई हैं।

# बेकाबू कंटेनर ने सैकड़ों वाहनों को मारा टक्कर

## ट्रेलर पलटा और चालक गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । अंबरनाथ**

शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन की हद काटई-कर्जत राज्य महामार्ग पर गुरुवार सुबह एक बेकाबू कंटेनर चालक ने बीच सड़क हंगामा करने की घटना सामने आयी है। सुदामा होटल से आनंदनगर पुलिस चौकी के बीच यह खतरनाक घटना घटी, जहां कंटेनर चालक ने सड़क पर सैकड़ो वाहनों को टक्कर मारते काफी नुकसान किया। ट्रेलर चालक को शिवाजीनगर पुलिस और रिक्शा चालकों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। गुरुवार की दोपहर अंबरनाथ आनंदनगर एमआईडीसी से गुजरने वाले कटाई-बदलापुर राज्य राजमार्ग पर डोंबिवली से बदलापुर की ओर जा रहे एक ट्रेलर ने नेवाली चेकपॉइंट पर एक वाहन को टक्कर मार दी। इसके बाद उसने पालेगांव, अंबरनाथ, आनंदनगर पुलिस चौकी, वैभव होटल चौक, सुदामा होटल चौक आदि इलाकों में गलत दिशा में तेज गति से ट्रेलर चलाया और रास्ते में जो भी वाहन मिला, उसे टक्कर मार दी। इसमें कार, रिक्शा, दोपहिया वाहन और एक पुलिस वैन को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने एक दोपहिया वाहन सवार को लोहे की रॉड से पीटकर घायल कर दिया। जैसे ही शिवाजीनगर पुलिस और ट्रेलर चालक को पता चला कि उसका पीछा कर रहे हैं। नशे में धुत ट्रेलर चालक ने ट्रेलर को आनंदनगर MIDC क्षेत्र में घुसा दिया और आगे जाकर ट्रेलर सड़क किनारे पलट गया।

### घटना मोबाइल कैमरे में कैद



इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने इस पूरी घटना को अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। कंटेनर चालक की लापरवाही के कारण महामार्ग पर लंबा जाम लग गया और यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी कंटेनर चालक को हिरासत में ले लिया है। स्थानीय नागरिकों ने इस घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए चालक पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस घटना ने राज्य महामार्ग की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।इस घटना में जानमाल की हानि हो सकती थी।

# भिवंडी में बांग्लादेशी रोहिंग्या के एक हजार आवेदन दाखिल

## किरीट सोमैया ने किया दावा

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भाजपा नेता वा पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने चौंकाने वाली जानकारी दी है कि करीब 1000 बांग्लादेशी रोहिंग्याओं ने भिवंडी तहसीलदार कार्यालय में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है। किरीट सोमैया ने आरोप लगाया है कि तालुका के महापोली, खोनी खादीपार और बोरीवली पडघा के ग्राम पंचायत कार्यालयों से कई रोहिंग्याओं को प्रमाण पत्र दिए गए हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि पूरे राज्य में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी रोहिंग्याओं ने स्थानीय तहसीलदार कार्यालय से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है, पूर्व भाजपा सांसद किरीट सोमैया ने भिवंडी तहसीलदार कार्यालय में तहसीलदार अभिजीत खोले से मुलाकात की और दायर आवेदनों का सत्यापन किया। इस मौके पर उनके साथ विधायक महेश चौघुले, भाजपा शहर अध्यक्ष हर्षल पाटिल मौजूद थे। किरीट सोमैया ने सवाल उठाया है कि ये 50-60 साल के पुरुष जो जन्म और मृत्यु का पंजीकरण कराते हैं, वे इतने सालों से कहां थे ?

### सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई



किरीट सोमैया ने बताया कि राज्य में लगभग दो लाख नागरिकों ने इस पद्धति को अपनाकर प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। विशेष जांच एजेंसी इस मामले की जांच कर रही है और जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने की इस साजिश में शामिल सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह मेरे संज्ञान में आया है कि सैकड़ों बांग्लादेशी रोहिंग्याओं को भिवंडी तालुका के महापोली, खोनी खाडीपार और बोरीवली पडघा के ग्राम पंचायत कार्यालयों से फर्जी प्रमाण पत्र दिए गए हैं, जो कि तहसीलदार के पास आने से पहले ही जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी किरीट सोमैया ने यह जानकारी दिया है।उन्होंने कहा कि वह उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग करेंगे।

### तहसीलदार कार्यालय में 800 आवेदन दाखिल

उक्त संदर्भ में भिवंडी तहसीलदार अभिजीत खोले ने बताया कि तहसीलदार कार्यालय में करीब 800 आवेदन दाखिल किए गए हैं, जिनमें से 416 आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। 150 प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं और 234 आवेदन लंबित हैं। जिसकी नियमानुसार गहन जांच की।जा रही है।

# 7-कलमी योजना को प्रभावित ढंग से लागू करें

## केडीएमसी आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने दिया निर्देश

**सुशील सिंह । कल्याण**

राज्य के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने 100 दिनों में 7-कलमी क्रियाकलाप योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। इस योजना के तहत नागरिकों को बेहतर सेवाएं और अधिक पारदर्शिता प्रदान करने पर जोर दिया गया है।



### योजना के मुख्य बिंदु

- महापालिका की वेबसाइट पर नागरिकों को सही और समय पर जानकारी देने के लिए आर.टी.एस. और आर.टी.आई. से संबंधित जानकारी अपडेट की जा रही है।
- संपत्ति कर सेवाओं में आ रही कठिनाइयों को कम करने के लिए विशेष परिवर्तन योजना लागू की जा रही है।
- नगर योजना विभाग में लेन-देन को आसान और पारदर्शी बनाने के लिए सरल एस.ओ.पी. (सामान्य प्रक्रिया) तैयार की गई है।
- स्वच्छता बनाए रखने और बर्बाद सामान के निपटान के लिए सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं। पुराने वाहनों के निपटान के लिए आर.टी.ओ. के साथ समन्वय किया जा रहा है।
- हर महीने के दूसरे मंगलवार को जनता दरबार, चौथे मंगलवार को सफाई मित्र दरबार और पहले सोमवार को लोकशाही दिवस का आयोजन कर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।
- महापालिका ने 2015 से अब तक अधिसूचित सेवाओं की संख्या बढ़ाकर 117 कर दी है। सभी नागरिक सुविधा केंद्रों और विभागों में सूचना के बोर्ड लगाए जा रहे हैं।
- आपका सरकार पोर्टल और पी.जी. पोर्टल पर शिकायतों का नियमित समाधान किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को बेहतर और प्रभावी सेवाएं मिल सकें।

### डॉ. जाखड़ का दृष्टिकोण

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि 7-कलमी योजना का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान, स्वच्छता, और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। इस योजना से कल्याण-डोंबिवली को और अधिक व्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुगम बनाया जा सकेगा।

# फिर टूटेगी उद्धव की 'सेना'

## सामंत बोले- संपर्क में कई विधायक और सांसद

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

हाल के विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) में पुनः टूट का खतरा मंडराने लगा है। राज्य के उद्योग मंत्री एवं शिवसेना शिंदे गुट के वरिष्ठ नेता उदय सामंत ने आज खुलकर कहा है कि जल्दी ही शिवसेना (यूबीटी) के चार विधायक एवं तीन सांसद एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होंगे। कुछ ही दिनों पहले शिवसेना के पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने दावा किया था कि शिवसेना (यूबीटी) एवं कांग्रेस के कई विधायक उनके संपर्क में हैं। वे जल्दी ही एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली शिवसेना में शामिल होंगे।



### दावोस से लौटे उदय सामंत

गुरुवार को दावोस से लौटते ही राज्य के उद्योगमंत्री उदय सामंत ने भी दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) के चार विधायक एवं तीन सांसद तथा कांग्रेस के पांच विधायक एवं कुल 10 पूर्व विधायक उनके संपर्क में हैं। उदय सामंत के अनुसार, शुक्रवार को रत्नागिरि जिले से शिवसेना (यूबीटी) में टूट की शुरुआत होने जा रही है, जहां एक पूर्व विधायक सहित कई और नेता शिवसेना में शामिल होंगे। उसके बाद पश्चिम महाराष्ट्र के भी कई नेता उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली शिवसेना में आने को तैयार बैठे हैं।

### शिंदे की पार्टी में फूट का था दावा

पिछले कुछ दिनों से शिवसेना (यूबीटी) की ओर से एकनाथ शिंदे की शिवसेना में फूट पड़ने का दावा किया जा रहा है। उसकी ओर से कहा जा रहा था कि शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता एवं राज्य के उद्योगमंत्री उदय सामंत कई विधायकों के साथ अपना अलग गुट बनाकर एकनाथ शिंदे से अलग होना चाहते हैं। शिवसेना (यूबीटी) एवं कांग्रेस की ओर से बार-बार कहा जा रहा था कि भाजपा के लिए अब एकनाथ शिंदे की उपयोगिता समाप्त हो गई है। इसलिए वह उदय सामंत को एक और शिवसेना बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

# कल्याण पूर्व में दो गुटों के बीच झड़प, एक घायल

## पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सुशील सिंह। । कल्याण**

कल्याण पूर्व स्थित कैलास नगर में दो समूहों के बीच हुई हिंसक झड़प ने क्षेत्र में तनाव पैदा कर दिया है। इस घटना में एक व्यक्ती पर शस्त्र से वार किया गया था। इस गंभीर मामले को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके नाम दीपक यादव (कालया), तुषार वाल्मिकी और प्रेम सदाबसे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन आरोपियों के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं और उन पर प्रतिबंधक कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद, उन्होंने फिर से इस प्रकार का अपराध किया है, जिससे पुलिस की चिंता बढ़ गई है।



### आरोपियों पर सख्त कार्रवाई

कोलसेवाडी के सीनियर इंस्पेक्टर अशोक कदम ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम मामले की गंभीरता को समझते हैं और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। हम सुनिश्चित करेंगे कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं। पुलिस ने इस मामले में अन्य आरोपियों की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। स्थानीय निवासियों ने इस घटना की निंदा की है और पुलिस से अपील की है कि वे क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करें। इस प्रकार की हिंसक घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वे इस मामले को गंभीरता से लेंगे और दोषियों को सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

दावोस 2025

# मुंबई का शानदार प्रदर्शन

## MMRDA ने हासिल किए 40 अरब डॉलर

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने दावोस 2025 में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में एमएमआरडीए ने 40 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये) के 11 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह निवेश मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के बुनियादी ढांचे और अर्थव्यवस्था के विकास को गति देगा।



### प्रमुख समझौते और निवेश क्षेत्र

- क्रॉसरेल इंटरनेशनल (यूके): मुंबई के परिवहन बुनियादी ढांचे के रणनीतिक अध्ययन के लिए।
- ब्रुकफील्ड कॉर्पोरेशन (कनाडा): शहरी और क्षेत्रीय विकास में 12 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश।
- ब्लैकस्टोन इंक. (यूएसए): 5 अरब डॉलर का निवेश।
- टेमासेक कैपिटल मैनेजमेंट (सिंगापुर): 5 अरब डॉलर का निवेश।
- सुमितोमो रियल्टी एंड डेवलपमेंट (जापान): 5 अरब डॉलर का निवेश।
- हीरानंदानी ग्रुप (भारत+दुबई): 6 अरब डॉलर का निवेश।
- के रहेजा कॉर्प (भारत+सिंगापुर): 5 अरब डॉलर का निवेश।
- एवरस्टोन ग्रुप (सिंगापुर): 1 अरब डॉलर का निवेश।
- सोटेफिन इंडिया प्रा. लिमिटेड (भारत+स्विट्जरलैंड): पार्किंग समाधान में 1 अरब डॉलर का निवेश।

# 'महायुति की आलोचना बंद करो, नहीं तो केवल दो विधायक बचेंगे'

## उद्धव ठाकरे को एकनाथ शिंदे का जवाब

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना लगातार सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और शिवसेना शिंदे पर हमला बोल रही है। इसे लेकर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उद्धव ठाकरे और उनकी शिवसेना ने महायुति गठबंधन की आलोचना करना बंद नहीं किया तो उद्धव ठाकरे के पास मौजूदा 20 में से केवल दो विधायक ही बचेंगे।

### शिंदे ने बाला साहिब ठाकरे और आनंद दीघे को जयंती पर श्रद्धांजलि दी



इससे पहले डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के संस्थापक बाला साहिब ठाकरे और मार्गदर्शक आनंद दीघे को जयंती पर आनंद आश्रम में श्रद्धांजलि दी। एकनाथ शिंदे ने कहा कि अब अन्य राज्यों में भी शिवसेना की मांग बढ़ रही है। शिंदे ने कहा कि पहले दिन से ही विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) और खासकर शिवसेना (यूबीटी) मेरी और महायुति की आलोचना कर रही है, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया। महाराष्ट्र के लोगों ने उन्हें करारा जवाब दिया और उन्हें उनकी जगह दिखा दी। अब समय आ गया है कि वे आत्मचिंतन और आत्मावलोकन करें। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में विपक्षी दलों विशेषकर शिवसेना (यूबीटी) के कई कार्यकर्ता और नेता हमारी शिवसेना में शामिल हुए हैं और यह सिलसिला जारी रहेगा। अन्य राज्यों से भी कुछ कार्यकर्ता और नेता शिवसेना में शामिल हुए हैं। कुछ अन्य राज्यों में भी शिवसेना की मांग बढ़ रही है। शिवसेना बढ़ रही है। आने वाले दिनों में हम अन्य राज्यों में भी शाखाएं खोलेंगे।

### धूमधाम से मनाएंगे बाला साहिब ठाकरे की जन्म शताब्दी

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि पिछले साल की तरह इस साल भी बाला साहिब ठाकरे की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। हम अगले साल उनकी जन्म शताब्दी मनाएंगे। शिवसेना ने कभी भी बाला साहिब ठाकरे के सिद्धांतों और आनंद दीघे की शिक्षाओं से समझौता नहीं किया है और न ही कभी करेगी। यही कारण है कि कार्यकर्ता शिवसेना को पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि शिवसेना की युवा शाखा ने आने वाले दिनों में कॉलेजों में कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है। वह राज्य के प्रत्येक घर तक पहुंचकर लोगों को महायुति सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताएगी।

मालेगांव विस्फोट

# फिर अदालत में पेश नहीं हो रहीं साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर

**मुंबई।** 2008 में हुए मालेगांव विस्फोट मामले की सुनवाई कर रही मुंबई की विशेष एनआईए अदालत में पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के वकीलों ने एक आवेदन दाखिल रिया है। इसमें वकीलों ने अदालत में सुनवाई के दौरान उनके उपस्थित न होने के लिए असमर्थता जाहिर की है। साथ ही आवेदन में यह भी कहा गया है कि वे 30 जनवरी या उससे पहले ही अदालत में पेश होंगी। गौरतलब है कि साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर मालेगांव विस्फोट मामले में आरोपी हैं।

पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के वकीलों द्वारा विशेष एनआईए अदालत के समक्ष दाखिल आवेदन में कहा गया है कि अचानक प्रतिकूल चिकित्सा स्थिति के कारण वह अदालत की कार्यवाही में शामिल होने में असमर्थ हैं। वह 30 जनवरी या उससे पहले विशेष अदालत के समक्ष पेश होंगी। बता दें कि सुनवाई के लिए अदालत में उपस्थित न होने पर अदालत ने पहले ही उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी कर दिया था।

### मालेगांव में क्या हुआ था?



बता दें कि 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले में मुंबई से 200 किमी दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में विस्फोट हुआ था। इस विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। पहले महाराष्ट्र एटीएस इस मामले की जांच कर रही थी और बाद में इसे एनआईए को सौंपा गया था। । इस मामले की सुनवाई एक विशेष एनआईए कोर्ट में चल रही है। भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है। बीते साल मार्च में सुनवाई में न पेश होने के लिए साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। हालांकि बाद में उनके व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने पर वारंट रद्द कर दिया गया था।

# स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी




**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के जोगेश्वरी-ओशिवारा इलाके में एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। स्कूल को धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई। इसके बाद तत्काल ही सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद कर दी गई और परिसर की जांच शुरू हुई। मुंबई पुलिस के मुताबिक, स्थानीय कानून प्रवर्तन और विस्फोटक जांच कर्मी परिसर के चप्पे-चप्पे की जांच कर रहे हैं। इससे पहले पिछले महीने भारतीय रिजर्व बैंक को धमकी भरा ईमेल मिला था। इसमें आरबीआई के मुंबई कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। धमकी भरा मेल आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की आधिकारिक ईमेल आईडी पर आया था। धमकी रूसी भाषा में दी गई थी। धमकी भरे ईमेल के बारे में जानकारी मिलने पर मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत भेजने वाले के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था।

**पश्चिम रेलवे**

**स्क्रैपिंग, सफाई और पेंटिंग कार्य**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज मरम्मत कार्यशाला, पश्चिम रेलवे, मुंबई एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-13 **निविदा सूचना संख्या: WR-PL-ME-EST- 559444 दिनांक: 20.01.2025 आमंत्रित करते है। कार्य का नाम:** बाहरी PU पेंटिंग (छत सहित), नोटिस/चिह्नों के लिए स्वयं चिपकने वाले स्टिकर, साथ ही अंडर फ्रेम और LHB कोचों की स्क्रैपिंग, सफाई और पेंटिंग। **अनुमानित लागत:** 14,96,73,590.21 (जीएसटी सहित)। **ईएमडी:** 8,98,400/-। **ई-बोली ऑनलाइन जमा करने और ई-निविदा खोलने की अंतिम तिथि और समय:** 11.02.2025 को 13:00 बजे। बोली प्रपत्र और अन्य विवरण जैसे शुद्धिपत्र वेबसाइट: www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। **0997**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# 'लाड़की बहिन योजना की धनराशि नहीं ली जाएगी वापस'

## विपक्ष के आरोपों पर डिप्टी सीएम का जवाब

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने बृहस्पतिवार को लाड़की बहिन योजना को लेकर विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि लाड़की बहिन योजना के तहत वितरित धनराशि की वसूली नहीं की जाएगी। पिछले दिनों विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार लाड़की बहिन योजना के लाभार्थियों की सूची में कटौती करेगी। इसके बाद अपात्रों से धनराशि की कटौती की जाएगी और योजना को बंद कर देगी। इस पर डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि पिछली बार हमारे पास संभावित लाभार्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन के लिए सीमित समय था। हम हर लाभार्थी के आधार कार्ड को योजना से जोड़ना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इस बार लाभार्थियों के आधार कार्ड को योजना से लिंक किया जाएगा। मगर लाभार्थियों से पैसे की कोई वसूली नहीं की जाएगी।

### शरद पवार के साथ साझा किया मंच

पुणे में वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अजित पवार ने एनसीपी (शरद) के प्रमुख शरद पवार के साथ मंच साझा किया। शरद पवार से हुई चर्चा को लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि हमने चीनी से जुड़े मामलों पर बात की। सहकारिता, आबकारी, कृषि और बिजली विभाग चीनी कारोबार से जुड़े हैं।

हमने वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कृषि विभाग के कामकाज की समीक्षा की और सरकारी योजनाओं के संभावित दुरुपयोग को उजागर किया। अजित पवार ने कहा कि जब सरकार लोगों के लाभ के लिए योजनाएं शुरू करती है, तो हमेशा कुछ बेईमान तत्व इसका गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। ऐसा ही मामला एक रुपये की फसल बीमा योजना के साथ भी हुआ है। इससे पहले महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने कहा था कि किसानों के लिए एक रुपए की फसल बीमा योजना के कार्यान्वयन में अनियमितताएं हैं। लाभ प्राप्त करने के लिए पूजा स्थलों तक को कृषि भूमि के रूप में दिखाया गया है। प्रभारी मंत्रियों को लेकर शिवसेना और एनसीपी के बीच टकराव पर पवार ने कहा कि जिले के प्रभारी मंत्रियों की जिम्मेदारी अपने कैबिनेट सहयोगियों को सौंपना मुख्यमंत्री (देवेंद्र फडणवीस) का विशेषाधिकार है। दावोस से लौटने के बाद वह इस पर फैसला लेंगे।

बाल ठाकरे की 99वीं जयंती

# संजय राउत ने की बाला साहब के लिए भारत रत्न की मांग

## केंद्र सरकार पर भी लगाए आरोप



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) ने गुरुवार को शिवसेना के संस्थापक और दिवंगत बाल ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग की। यह बयान बाल ठाकरे की 99वीं जयंती पर शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने दिया। राउत ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भाजपा सरकार ने कुछ ऐसे लोगों को भारत रत्न दिया है, जो इसके हकदार नहीं थे। उन्होंने यह भी कहा कि बाल ठाकरे, जिन्होंने हिंदुत्व के विचारों को फैलाया, उन्हें भारत रत्न मिलना चाहिए। बाल ठाकरे की जयंती के अवसर पर बोलते हुए संजय राउत ने कहा कि बाल ठाकरे को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने हिंदुत्व के बीज इस देश में बोए। उन्होंने कहा कि ठाकरे की जन्म शताब्दी एक साल दूर है और इस शताब्दी से पहले उन्हें भारत रत्न मिलना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि अगर बाल ठाकरे को भारत रत्न मिलेगा, तो इससे वीर सावरकर को भी सम्मान मिलेगा।

### राउत की मांग को सांसद अरविंद सावंत का समर्थन

संजय राउत की इस मांग को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ठाकरे ने देश को हिंदुत्व के वास्तविक आदर्श दिखाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, जो खुद को हिंदुत्व समर्थक कहती है उन्हें यह सम्मान देना चाहिए। संजय राउत ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना पर कटाक्ष किया। साथ ही उन्होंने एकनाथ शिंदे की पार्टी को चीनी पटाखों से तुलना की, जो फूटते नहीं हैं, बल्कि बस चिंगारी छोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि असली शिवसेना मातोश्री में है। बता दें कि मातोश्री ठाकरे परिवार का बांद्रा स्थित घर है और वहां उद्धव ठाकरे अपने परिवार के साथ रहते हैं।

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत (पावर) कार्य**

**वरिष्ठ डीईई/पी/मुंबई सेंट्रल, मुंबई ई-निविदा संख्या ईएल-81-899-डब्ल्यूए-63 दिनांक 20-01-2025 आमंत्रित करते है। कार्य और स्थान:** पारडी - अतुल खंड - विरार सूरत खंड में गति को 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के संबंध में पारडी और अतुल स्टेशन के बीच नए संरेखण पर महत्वपूर्ण पुल संख्या 313 अप और डाउन लाइन के निर्माण के संबंध में विद्युत (पावर) कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** 28,46,437/-। **बोली सुरक्षा ईएमडी की लागत:** 56,900/-। **प्रस्तुत करने की तिथि और समय:** 12.02.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 12.02.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। **0993**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री आपूर्ति**

**ई-खरीद निविदा सूचना संख्या एस/06/2025 दिनांक 22.01.2025**

| क्र. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 40 | मानव एल्बुमिन 20 प्रतिशत | 1955 नग | 17-फरवरी-25 |
| 41 | सिलिकॉन रेक्टिफायर के लिए ब्लोअर | 160 सेट | 17-फरवरी-25 |
| 42 | मेटलाइज्ड कार्बन स्ट्रिप्स | 2235 नग | 20-फरवरी-25 |
| 43 | मेसर्स चैतन्य मेक ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन का उन्नयन। | 35 नग | 21-फरवरी-25 |
| 44 | एमवीएसएल (क्लास "एच") मोटर के साथ ब्लोअर की पूरी इकाई | 213 नग | 21-फरवरी-25 |
| 45 | पतली दीवार वाली इलेक्ट्रॉन बीम | 48000 मीटर | 24-फरवरी-25 |
| 46 | ट्रैक्शन मोटर की आपूर्ति। | 16 नग | 27-फरवरी-25 |

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के बारे में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएं। 1003

हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**NOTICE INVITING TENDERS**

Tenders are invited through e-Tendering in SRM system from the registered vendors

| 1st Call –Two Bid system Tenders Tender No. & Description of Material | Estimated Amount (in Rs. Lakhs) / Tender Fee (in Rs.) | Due Date & Time (Hrs.) Submission & Opening of Tender |
|---|---|---|
| SP/T-0610/0125 [RFX No.5000001344] Procurement of Microcontroler based or SCR type Battery Chargers alongwith DCDB for replacement of existing Battery Chargers at various EHV SS under Nagpur ,Pune & Karad Zones | 201.32<br>5000.00 | 07.02.2025 17:00<br>07.02.2025 17:15 |

**Contact Person:** Office of the Executive Engineer (P&C) Ph.No 8329909813
Tel. No.022-26474211/022-26472131 Extn.2491/2493.
Email: secpa@mahatransco.in, eegrp6@mahatransco.in, eepc@mahatransco.in, dyeegrp6@mahatransco.in
For further details visit our website http://www.srmetender.mahatransco.in
Any further amendments will be published on the MSETCL website www.mahatransco.in. So bidders are requested to check the website.

**Executive Engineer (P&C)**

**पश्चिम रेलवे**

**पटरियों से पानी निकालना तथा सफाई कार्य**

वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र. | निविदा सूचना संख्या एवं दिनांक | कार्य एवं स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | ईएमडी रु. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बीसीटी/24-25/263 दिनांक 20.01.2025 | **चर्चगेट-विरार खंड:** एसएसई (पी.वे) दादर, अंधेरी एवं बोरीवली खंड के अंतर्गत वर्ष 2025 के लिए डी.जी. पंपों द्वारा मानसून के दौरान निम्न स्तर वाले क्षेत्रों में पटरियों से पानी निकालना। | 1,34,37,760.00 | 2,17,200.00 |
| 2. | बीसीटी/24-25/264 दिनांक 20.01.2025 | **चर्चगेट-विरार सेक्शन:** एसएसई (पी. वे) दादर और अंधेरी सेक्शन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत मानसून - 2025 के लिए पुलियों और पुलियों से जुड़ी नालियों की वार्षिक सफाई। | 13,83,034.96 | 27,700.00 |
| 3. | बीसीटी/24-25/265 दिनांक 20.01.2025 | **चर्चगेट-विरार सेक्शन:** एसएसई (पी. वे) बोरीवली सेक्शन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत मानसून - 2025 के लिए पुलियों और पुलियों से जुड़ी नालियों की वार्षिक सफाई। | 10,65,304.86 | 21,300.00 |

**उपर्युक्त सभी निविदाओं के लिए, प्रस्तुत करने की तिथि और समय: 14.02.2025, 15:00 बजे तक। खुलने की तिथि और समय: 14.02.2025 को 15:30 बजे। नोट:-** अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। **0996**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

**Government of Maharashtra**

Public Works Department

North Mumbai (P.W.) Division, Andheri

Telephone No. 022-26231964

**E-Tender Notice No. 48 OF 2024-25**

E-mail address:- northmumbai.ee@mahapwd.com Telephone/Fax Number :- 26231964/26205788

**(Only for Registered Labour Societies in Eastern Suburb District)**

E-Tender for the following work in B-1 Form is invited via online e-tendering system from the **Registered Labour Societies in Eastern Suburb District** Mumbai Registered with Govt. of Maharashtra in P.W.D, by the Executive Engineer, North Mumbai (P.W.) Division, Andheri (w), Mumbai-58 on behalf of Government of Maharashtra. Tender Documents can be downloaded from Government of Maharashtra portal **https://mahatenders.gov.in** The Societies which are registered within eastern Sub-urban District (East Suburb) shall be entertained.

| Sr.No. | Name of Work | Estimated Cost |
|---|---|---|
| 1 | MOW to Renovation & fabrication of Main Gate Drainage Covering Garden Making tree painting koth flooring, Plinth Protection, Concerting ete. work at I.T.I. Kurla, Mumbai. | Rs. 2494831/- |
| 2 | MOW to Repairs to Internal Road Side Gutter Plaster, R.C.C. Covers Storm Water Line & Cleaning Campus of College at I.T.I. Kurla, Mumbai. | Rs. 2494799/- |
| 3 | MOW to Repairs & Renovation of Plaster. Painting. Sliding Window of Barrack Bldg. at I.T.. Vidyavihar, Mumbai | Rs. 2699709/- |
| 4 | MOW to Repairs & Renovation of Internal Rooms, Windows, flooring, Plaster & Painting at I.T.I. College Vidyavihar, Mumbai. | Rs. 2196427/- |
| 5 | MOW to Repairs & Renovation of Main Entrance of Admin. Bldg. Workshop, Garden Area at Vidyavihar, Mumbai. | Rs. 2275161/- |
| 6 | MOW to Exertnal Repairs & Painting Back Side Workshop & Main Bldg. Removing debris, Cleaning Campus etc. at I.T.L. Kurla, Mumbai. | Rs. 1693968/- |
| 7 | MOW to External Repairs & Painting of Main Administrative Building at I.T.J. Kurla, Mumbai. | Rs. 1928428/- |
| 8 | MOW to Internal Plaster & Painting of Classroom & Office Wooden Partition & Door Aluminium Windows furniture at Ground floor Mise. Work at I.T.I. Kurla, Mumbai. | Rs. 1987184/- |
| 9 | MOW to Kurla Police Line, Residential Bldg. 'A' Wing. Repairs to Internal Room. Renovation of toilet block & staircase passage and Terrace Waterproofing | Rs. 3750737/- |
| 10 | MOW to Kurla Police Line, Residential Bldg. 'B' Wing. Repairs to Internal Room, Renovation of toilet block & staircase passage and Terrace Waterproofing | Rs. 3751152/- |

**The Executive Engineer, North Mumbai (P.W.) Division, Andheri (W) Reserves right to Accept or Reject any offer. Conditional offers will not be accepted.**

All registered contractor should note
**E-Tender Submission Date-24/01/2025 to 07/02/2025**
**E-Tender Opening Date-10/02/2025**

No.EE/NMD/469 of 2024
Office of the Executive Enginee
North Mumbai (P.W.) Division,
Dadabhai Road, Near Bhavan's College, Andheri (West),
Mumbai-400 058.
Date- 20 JAN 7075

Sign.
Executive Engineer,
North Mumbai (P.W.) Division,
Andheri (West), Mumbai

DGIPR-2024-25/5869

संपादकीय

# उत्तराखंड में यू.सी.सी

उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी है। इसके तहत विवाह, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार, लिव इन रिलेशन आदि के प्रावधान शामिल किए गए हैं। सरकार का दावा है कि यूसीसी के कुशल क्रियान्वयन के लिये अत्याधुनिक तकनीक आधारित व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। जिसके लिए नागरिकों व अधिकारियों के लिये ऑनलाइन पोर्टल तैयार किए गए हैं। यूसीसी के अंतर्गत विभिन्न पंजीकरण मसलन विवाह, तलाक, विवाह शून्यता, लिव इन रिलेशन, वसीयत आदि होंगे। सरकार ने त्वरित पंजीकरण के लिये अलग शुल्क भी निर्धारित किए हैं। सरकार का दावा है कि लिव इन रिलेशन के पंजीकरण व समाप्ति की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। एक साथी की ओर से समाप्ति के आवेदन पर दूसरे की पुष्टि अनिवार्य होगी। उल्लेखनीय है कि समान नागरिक संहिता के वेबपोर्टल के उपयोग की शुरुआत फिलहाल सरकार की मॉक ड्रिल का हिस्सा होगा। निस्संदेह, देश में पहली बार समान नागरिक संहिता को लागू करना उत्तराखंड सरकार का ऐतिहासिक कदम है। जो सभी धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों को मानकीकृत करने के लक्ष्य को निर्धारित कर राज्य में समानता और न्याय की राह में कदम बढ़ाता है। हालांकि, कानून के विशेषज्ञ कुछ खमियों की ओर भी इशारा करते हैं। फाइलों में यह कोड एक साहसिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। मसलन विवाह व लिव इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण, बहुविवाह और निकाह हलाला पर प्रतिबंध और बच्चों के लिये समान विरासत अधिकार देता है, चाहे उनके माता-पिता की वैवाहिक स्थिति कुछ भी हो। दूसरे शब्दों में स्त्री के अधिकारों को संरक्षण प्रदान करके समतामूलक समाज की स्थापना का वायदा करता है। एक मायने में यह लैंगिक न्याय और प्रगतिशील सोच व आधुनिक मूल्यों का प्रतीक है। लेकिन जब हम इसके प्रावधानों का गहराई से मूल्यांकन करते हैं तो कई तरह की विसंगतियां सामने आती हैं। दरअसल,कई मुद्दों पर व्यापक विमर्श की कमी को लेकर भी सवाल उठते हैं। कुछ लोग समलैंगिक विवाहों की स्वीकार्यता के प्रश्न का जिक्र करते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि यूसीसी के प्रावधानों में गोद लेने के कानूनों पर खामोशी क्यों है? सवाल यह है कि क्या ये प्रयास व्यापक सुधारों को अंजाम दे पाएंगे? या फिर ये महज पैचवर्क की कवायद मात्र है? सरकार की दलील है कि सांस्कृतिक रूप से संवेदनशीलता को ध्यान रखते हुए अनुसूचित जनजातियों को इसमें छूट दी गई है। दंड के साथ लिव इन संबंधों का अनिवार्य पंजीकरण निष्पक्षता सुनिश्चित करने की तुलना में अनुरूपता को लागू करने का प्रयास अधिक लगता है। कुछ का कहना है कि इसमें उत्तराधिकार को लेकर औपनिवेशिक युगीन अपरिवर्तित कानूनों की छाया नजर आती है। तो क्या समान नागरिक संहिता एक सुधारवादी प्रकाश स्तंभ की भूमिका निभा पाएगा? निस्संदेह, यह पहला कदम उठाने के लिये उत्तराखंड सरकार को श्रेय दिया जा सकता है। लेकिन समान नागरिक संहिता की मुहिम की आगे की राह अधिक साहस और रचनात्मकता की मांग करती है। यदि इस पहल से राष्ट्र को प्रेरित करना है, तो इसे प्रगतिशीलता से आगे बढ़ना चाहिए। सही मायनों में इसे भारत के आधुनिक, बहुलवादी लोकाचार को प्रतिबिंबित करना चाहिए।

# भारतवंशियों पर ट्रंप की नीतियों का असर



शिवकांत शर्मा

डोनाल्ड ट्रंप का पिछला कार्यकाल भारत के लिए मिश्रित रहा था। चीन की बढ़ती चुनौती का सामना करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग बढ़ा था। सामरिक रिश्ते प्रगाढ़ हुए थे। परंतु व्यापार और तकनीकी पेशा भारतीयों के लिए एच1बी वीजा के मुद्दों पर तनाव बना रहा था। इस बार ट्रंप के तेवर पहले से भी कड़े नजर आ रहे हैं। पिछली बार उनके पास देश चलाने का अनुभव नहीं था और जनादेश भी इतना व्यापक नहीं था। दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव की तलवार भी लटकी हुई थी। इसलिए उन्हें अमेरिका के भारतवंशियों के समर्थन की जरूरत महसूस होती थी। इस बार वे राजनीतिक शक्ति के शिखर पर हैं और उन्हें अगले चुनाव की परवाह भी नहीं करनी है। इसलिए वे व्यापार और आयात शुल्कों की बात करते हुए भारत को भी व्यापार नियमों का दुरुपयोगी बताते हैं और कहते हैं कि जरूरत पड़ी तो वे सौ प्रतिशत शुल्क थोपने से भी गुरेज नहीं करेंगे। अवैध आप्रवासियों को देश से निकालना तो उनके चुनाव प्रचार का मूलमंत्र रहा है। ट्रंप सरकार का मूड भांपते हुए भारत सरकार ने लगभग 18 हजार अवैध आप्रवासियों को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अमेरिका में भारतीयों की संख्या 50 लाख से अधिक है जिनमें से लगभग 75,000 अवैध रूप से रह रहे हैं। नयी ट्रंप सरकार के आप्रवासी विरोधी तेवरों को देखते हुए भारत सरकार यह नहीं चाहती कि अवैध रूप से गये लोगों की वजह से एच1बी वीजा पर जाने वाले तकनीकी पेशा लोगों या उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले छात्रों की संख्या को लेकर विवाद खड़ा हो। अमेरिका में जारी होने वाले 3,86,000 एच1बी वीजाओं में से लगभग तीन-चौथाई भारतीयों को मिलते हैं, जो भारत की टेक कंपनियों के कारोबार के लिए महत्वपूर्ण हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के हाल के कुछ बयानों और उनके किफायत तथा कुशलता मंत्री एलन मस्क के बयानों से लगता है कि नया ट्रंप प्रशासन अपनी अर्थव्यवस्था के लिए एच1बी वीजा पर आने वाले उच्च कौशल लोगों की अहमियत को समझता है। परंतु ट्रंप के स्टीव बैनन जैसे दक्षिणपंथी समर्थकों को यह बात नागवार गुजरती है कि ऊंचे वेतन और कौशल वाली नौकरियां अमेरिकियों की जगह आप्रवासियों को मिले। इसे देखते हुए कुछ भारतीय टेक कंपनियों ने भारतीयों की जगह स्थानीय अमेरिकियों को लेना शुरू कर दिया है। इसलिए लगता नहीं कि एच1बी वीजा को लेकर कोई बड़ा विवाद होगा।

अवैध और अस्थायी आप्रवासियों के अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चों से नागरिकता का जन्मसिद्ध अधिकार छीनने वाले आदेश ने भारतवंशियों के लिए नया सिरदर्द खड़ा कर दिया है। अमेरिकी संविधान में 155 साल पहले हुआ 14वां संशोधन अमेरिका में जन्म लेने वाले हर बच्चे को नागरिकता का जन्मसिद्ध अधिकार देता है। इसे भुनाने के लिए कुछ लोग केवल बच्चे पैदा करने के लिए अमेरिका जाते हैं, जिसे नागरिकता पर्यटन कहते हैं। ट्रंप ने आदेश जारी कर इसकी परिभाषा ही बदल दी है। उनका आदेश कहता है कि अवैध या अस्थायी रूप से रहने वाले आप्रवासियों के बच्चों को अमेरिका में पैदा होने पर भी वहां की नागरिकता नहीं मिलेगी। मानवाधिकार संस्थाओं ने इसे अदालतों में चुनौती भी दे डाली है। अपील करने वालों की दलील है कि राष्ट्रपति ट्रंप का आदेश संविधान को बदलता है और संविधान को कांग्रेस और सीनेट के दो-तिहाई बहुमत से होने वाले संशोधन के बिना नहीं बदला जा सकता। संशोधन पारित होने के बाद भी उसे तीन-चौथाई राज्यों की संसदों के समर्थन की जरूरत होती है।

यद्यपि राष्ट्रपति ट्रंप चीन को अमेरिका की सबसे बड़ी आर्थिक व सामरिक चुनौती के रूप में देखते हैं। इसलिए उन्होंने अपने प्रशासन में फ्लोरिडा के चीन विरोधी सीनेटर मार्को रूबियो को विदेश मंत्री और दूसरे चीन विरोधी सीनेटर माइकल वॉल्ट्स को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया है। संयोग से ये दोनों भारत समर्थक भी रहे हैं। रूबियो ने भारत-अमेरिका सैन्य-रणनीति के समझौते का प्रस्ताव सदन में रखा था और वॉल्ट्स भारत कॉकस के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसलिए इस ट्रंप प्रशासन से यह उम्मीद की जा सकती है वह भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीति की धुरी बनाकर चलेगा और चीनी वर्चस्व की रोकथाम में भारत का सहयोग करता रहेगा।

रक्षा और क्रिटिकल तकनीक के क्षेत्रों में चीन की बढ़ती ताकत का सामना करने के लिए भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ साझा अनुसंधान और उत्पादन की संभावनाएं तलाश सकता है। भारत को इसी साल क्वाड शिखर बैठक की मेजबानी भी करनी है जिसमें भाग लेने ट्रंप के भारत आने की उम्मीद की जा सकती है। दक्षिण और पश्चिम एशिया में इस्लामी आतंकवाद की रोकथाम के लिए भी ट्रंप प्रशासन से बेहतर समर्थन की उम्मीद की जा सकती है। परंतु ट्रंप किसी सिद्धांत या संधि में विश्वास नहीं रखते। पिछले कार्यकाल की तरह वे चीन के साथ भी व्यापार सौदा पटाने की कोशिशें करते रहेंगे और लाभ का सौदा होते ही पलट भी सकते हैं। इसलिए भारत को सारे विकल्प खुले रखकर चलना होगा।

भारत के सामने असली चुनौती अपना व्यापार बचाने की है। इस समय भारत का सबसे अधिक व्यापार अमेरिका के साथ है और वह भारतीय माल के लिए बड़ी ही नहीं, बल्कि सबसे मालदार मंडी है।

भारत को सबसे अधिक व्यापार लाभ भी वहीं से होता है। अमेरिका को भारत से होने वाला व्यापार घाटा चीन, यूरोप और मेक्सिको की तुलना में बहुत कम है। पर ट्रंप को घाटा बिल्कुल पसंद नहीं।


इसलिए वे शुल्क थोपने की धमकी देते रहते हैं। इससे बचने के लिए, एक तो भारत अमेरिकी माल पर अपने आयात शुल्क घटा सकता है। दूसरे, यदि ट्रंप यूक्रेन के युद्ध को रुकवा दें और अपने यहां तेल और गैस का उत्पादन बढ़ा उनके दाम नीचे ले आयें, तो भारत अमेरिका से तेल और गैस की खरीद बढ़ाकर भी उसका घाटा पूरा कर सकता है।

जीवन मंत्र

# अपनी सोच और जिंदगी को सकारात्मक बनाने का तरीका

कुछ लोग जीवन के प्रति इतना नकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं कि उन्हें दुनिया में सिवाय बुराई और कमियों के कुछ नजर ही नहीं आता है। ऐसे लोग हमेशा नाराज और शिकायत करते रहते हैं।

दिन भर में हमारे मन में जितने विचार आते हैं, उसमें से 80 प्रतिशत नकारात्मक होते हैं। इतनी नकारात्मकताओं के बीच भी हम अपनी सकरात्मक सोच के बल पर जिंदगी के अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर ही लेते हैं। वैसे भी कहते हैं कि अच्छी सोच जीवन में सकारात्मकता को बढ़ाती है, इसलिए हमेशा बेहतर संभावनाओं के बारे में ही सोचना चाहिए। ये भी कहा जाता है कि हमारी सोच पर हमारी संगत का बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में हमेशा अच्छे और सकारात्मक विचारों वाले लोगों के साथ ही रहना चाहिए। असल में हमारे आस-पास हर विचारधारा के लोग होते हैं। कुछ लोग जीवन के प्रति इतना नकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं कि उन्हें दुनिया में सिवाय बुराई और कमियों के कुछ नजर ही नहीं आता है। ऐसे लोग हमेशा नाराज और शिकायत करते रहते हैं। इनके साथ समय बिताने का अर्थ अपनी ऊर्जा व्यर्थ करना होता है। वहीं दूसरी ओर ऐसे लोग भी होते हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी कुछ अच्छा



तलाश लेते हैं। ऐसे लोग हमेशा आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। हालांकि आपको हमेशा सिर्फ अच्छा सोचने वाले लोग ही मिलें, यह तो संभव नहीं है। पर, दूसरों की नकारात्मकता से आप खुद को जरूर बचा सकती हैं:

अकसर महिलाओं के ऊपर परिवार और समाज की अपेक्षाओं का इतना भारी दबाव होता है कि वह चाह कर भी खुद को व्यक्त नहीं कर पाती हैं। कभी परिवार की खुशी तो कभी समाज में मर्यादा बनाए रखने का दबाव उन्हें वह सब बर्दाश्त करने को भी मजबूर कर देता है, जो वह नहीं करना चाहती हैं। इससे ना केवल उनकी मानसिक शांति भंग होती है बल्कि जीवन के प्रति उत्साह भी खत्म होने लगता है। इसलिए अपनी सीमाएं निर्धारित करना बहुत जरूरी है। यदि कोई दोस्त या रिश्तेदार हमेशा उलाहना देने वाली या दुख भरी बातें ही करता है, तो उनसे मिलना-जुलना सीमित ही रखें। याद रखिए, हम किसी से बेहतर और ऊर्जावान महसूस करने के लिए मिलते हैं। लेकिन सामने वाला व्यक्ति यदि हर समय ही नकारात्मक बातें करे, तो उससे किनारा कर लेने में ही भलाई है।

अपनी मानसिक शांति बनाए रखने का अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि आप दूसरों की समस्याओं को लेकर असंवेदनशील बन जाएं।

शख्सियत | सुभाष घई

# भारतीय फिल्म निर्देशक, निर्माता और पटकथा लेखक



सुभाष घई (जन्म 24 जनवरी 1945) एक भारतीय फिल्म निर्देशक, निर्माता और पटकथा लेखक हैं, जो मुख्य रूप से हिंदी सिनेमा में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। वह 80 और 90 के दशक में हिंदी सिनेमा के सबसे प्रमुख और सफल फिल्म निर्माताओं में से एक थे। उनकी सबसे उल्लेखनीय कृतियों में कालीचरण (1976), विश्वनाथ (1978), कर्ज (1980), हीरो (1983), विधाता (1982), मेरी जंग (1985), कर्मा (1986), राम लखन (1989), सौदागर (1991), खलनायक (1993), परदेस (1997) और ताल (1999) शामिल हैं।

1982 में, उन्होंने मुक्ता आर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की शुरुआत की, जो 2000 में सुभाष घई के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में एक सार्वजनिक कंपनी बन गई। 2006 में, उन्हें सामाजिक समस्या फिल्म इकबाल के निर्माण के लिए अन्य सामाजिक मुद्दों पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। उसी वर्ष उन्होंने मुंबई में व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल फिल्म और मीडिया संस्थान की स्थापना की। 2015 में, उन्हें भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए IIFA अवार्ड मिला।

घई ने तकदीर (1967) और आराधना (1969) सहित फिल्मों में छोटी भूमिकाओं के साथ एक अभिनेता के रूप में हिंदी सिनेमा में अपना करियर शुरू किया। 1970 के उमंग और गुमराह में वह मुख्य पुरुष थे। उनके निर्देशन की पहली फिल्म कालीचरण (1976) थी, जिसे उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा की सिफारिश के माध्यम से प्राप्त किया। 2016 तक, उन्होंने कुल 16 फिल्मों का लेखन और निर्देशन किया है। 1980 और 1990 के दशक में, उन्होंने दिलीप कुमार के साथ एक सफल सहयोग बनाया, जिसे उन्होंने विधाता (1982), कर्मा (1986) और सौदागर (1991) में निर्देशित किया, जिसके लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का फिल्मफेयर पुरस्कार जीता। उन्होंने जैकी श्रॉफ को हीरो (1983) में एक प्रमुख अभिनेता के रूप में पेश किया और मेरी जंग (1985) के साथ अनिल कपूर के बढ़ते करियर को स्थापित करने में मदद की। उन्होंने श्रॉफ और कपूर के साथ अक्सर काम किया, उन्हें कर्म (1986), राम लखन (1989) और त्रिमूर्ति (1995) फिल्मों में एक साथ कास्ट किया, जिसे बाद में उन्होंने प्रोड्यूस किया था और इसे मुकुल एस. आनंद ने निर्देशित किया था। संजय दत्त, माधुरी दीक्षित और श्रॉफ अभिनीत उनकी 1993 की रिलीज खलनायक में हिट गाने नायक नहीं खलनायक हूं और विवादास्पद ₹चोली के पीछे क्या है₹ शामिल थे। 1997 में, उन्होंने परदेस का निर्देशन किया जिसमें शाहरुख खान और नवागंतुक महिमा चौधरी और अपूर्व अग्निहोत्री ने अभिनय किया। 1999 में, उन्होंने ताल का निर्देशन किया जिसमें ऐश्वर्या राय, अक्षय खन्ना और अनिल कपूर ने अभिनय किया। परदेस और ताल दोनों ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज़ हुईं और बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रहीं।

जीवन ऊर्जा

विन्सटन चर्चिल: निधन-24 जनवरी, 1965 | देहावसान

# महानता की कीमत जिम्मेदारी है

विन्सटन चर्चिल अंग्रेज राजनीतिज्ञ थे और द्वितीय विश्वयुद्ध, 1940-1945 के समय इंगलैंड के प्रधानमंत्री थे। चर्चिल प्रसिद्ध कूटनीतिज्ञ और प्रखर वक्ता थे वो सेना में अधिकारी रह चुके थे , साथ ही वह इतिहासकार, लेखक और कलाकार भी थे । वह एकमात्र प्रधानमंत्री थे जिसे नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

सफलता की कुंजी यह है कि क्या हासिल किया जा सकता है और किसके लिए प्रयास करना उचित है, इस पर उचित दृष्टिकोण रखना। हम जो पाते हैं उससे जीविका चलाते हैं, लेकिन जो देते हैं उससे जीवन बनाते हैं। सत्य को अपनी जगह बनाने का मौका मिलने से पहले ही झूठ आधी दुनिया पार कर लेता है।

कभी हार मत मानो! सम्मान और अच्छे विवेक के विश्वास के अलावा कभी हार मत मानो। निरंतर प्रयास - ताकत या बुद्धि नहीं - हमारी क्षमता को उजागर करने की कुंजी है। महानता की कीमत जिम्मेदारी है। रवैया एक छोटी सी चीज़ है जो बड़ा अंतर पैदा करती है।

जो लोग युद्ध को अच्छी तरह से जीत सकते हैं, वे कभी भी अच्छी शांति स्थापित नहीं कर सकते और जो लोग अच्छी शांति स्थापित कर सकते हैं, वे कभी युद्ध नहीं जीत सकते। अकेले पेड़ यदि उगते हैं तो मज़बूत होते हैं। ₹कभी भी किसी ऐसी चीज़ को मत छोड़ो जिसके बारे में सोचे बिना आप एक दिन भी नहीं रह सकते।₹₹सफलता, बिना उत्साह खोए एक असफलता



से दूसरी असफलता की ओर बढ़ने की क्षमता है। यदि आप नरक से गुज़र रहे हैं, तो चलते रहें।₹आप जितना पीछे देखेंगे, उतना ही आगे भी देख पाएंगे। योजनाएँ कम महत्वपूर्ण हैं, लेकिन योजना बनाना आवश्यक है।कभी भी हार मत मानो - कभी नहीं, कभी नहीं, कभी नहीं, कभी नहीं, किसी भी बड़ी या छोटी बात में, सम्मान और अच्छे विवेक के विश्वास के अलावा कभी भी हार मत मानो। कभी भी बल के आगे मत झुको; दुश्मन की अत्यधिक ताकत के आगे कभी मत झुको। कभी भी किसी निहत्थे व्यक्ति के साथ बुद्धि की लड़ाई में शामिल न हों"कभी, कभी, कभी हार मत मानो। "हम अपने बिस्तरों पर चैन की नींद सोते हैं, क्योंकि रात में क्रूर लोग उन लोगों पर हिंसा करने के लिए तैयार रहते हैं जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# वे ईश्वर हैं अवश्य ही आएंगे

(भाग 3)

रावण का वध तो लक्ष्मण अपने पैर से बाण चलाकर भी कर सकता है। राम हजारों कोस चलकर इस गहन वन में आया है तो केवल तुमसे मिलने आया है, मां ताकि सहस्त्रों वर्षों के बाद भी जब कोई भारत के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करे तो



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक। मो. नं. 9425980556

इतिहास चिल्ला कर उत्तर दे कि इस राष्ट्र को क्षत्रिय राम और उसकी भीलनी माँ ने मिलकर गढ़ा था।

जब कोई भारत की परम्पराओं पर उँगली उठाये तो काल उसका गला पकड़कर कहे कि नहीं यह एकमात्र ऐसी सभ्यता है, जहाँ एक राजपुत्र वन में प्रतीक्षा करती। एक वनवासिनी से भेंट करने के लिए चौदह वर्ष का वनवास स्वीकार करता है।

राम वन में बस इसलिए आया है, ताकि जब युगों का इतिहास लिखा जाए तो उसमें अंकित हो कि शासन प्रशासन और सत्ता जब पैदल चलकर वन में रहने वाले समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे तभी वह रामराज्य है।

राम वन में इसलिए आया है ताकि भविष्य स्मरण रखे कि प्रतीक्षाएँ अवश्य पूरी होती हैं। राम रावण को मारने भर के लिए नहीं आया है माँ।

माता शबरी एकटक राम को



निहारती रहीं। राम ने फिर कहा कि राम की वन यात्रा रावण युद्ध के लिए नहीं है माता राम की यात्रा प्रारंभ हुई है भविष्य के आदर्श की स्थापना के लिए है।

राम राजमहल से निकला है, ताकि विश्व को संदेश दे सके कि एक माँ की अवांछनीय इच्छओं को भी पूरा करना ही राम होना है।

राम निकला है ताकि भारत विश्व को सीख दे सके कि किसी सीता के अपमान का दण्ड असभ्य रावण के पूरे साम्राज्य के विध्वंस से पूरा होता है।


राम आया है, ताकि भारत विश्व को बता सके कि अन्याय और आतंक का अंत करना ही धर्म है। राम आया है ताकि भारत विश्व को सदैव के लिए सीख दे सके कि विदेश में बैठे शत्रु की समाप्ति के लिए आवश्यक है कि पहले देश में बैठी उसकी समर्थक सूर्पणखाओं की नाक काटी जाए और खर दूषणों का घमंड तोड़ा जाए।

राम आया है ताकि युगों को बता सके कि रावणों से युद्ध केवल राम की शक्ति से नहीं, बल्कि वन में बैठी शबरी के आशीर्वाद से जीते जाते हैं। शबरी की आँखों में जल भर आया था। उसने बात बदलकर कहा- बेर खाओगे राम। राम मुस्कुराए बिना खाये जाऊंगा भी नहीं मां। शबरी अपनी कुटिया से झपोली में बेर लेकर आई और राम के समक्ष रख दिये। राम और लक्ष्मण खाने लगे तो कहा-बेर मीठे हैं न प्रभु। यहाँ आकर मीठे और खट्टे का भेद भूल गया हूँ मां बस इतना समझ रहा हूँ कि यही अमृत है।

सबरी मुस्कुराईं और बोली - सचमुच तुम मर्यादा पुरुषोत्तम हो राम।

अपने विचार

दिल्ली अब मोदी और केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल नहीं, शीला दीक्षित जी का वही सच्चा विकास मॉडल मांग रही है।



**-राहुल गाँधी**, नेता,प्रतिपक्ष

अगर एक मुख्यमंत्री के रूप में मैं और मेरे मंत्री संगम में स्नान कर सकते हैं तो मैं पूछना चाहता हूं आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल से क्या यमुना जी में वह अपने मंत्रियों के साथ स्नान कर सकते हैं।



**-योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री ,उत्तर प्रदेश

आप कार्यकर्ताओं के घरों पर बिना नोटिस या एफआईआर के कथित छापेमारी की जा रही है। क्या पुलिस को बिना नोटिस, समन या एफआईआर के रात में किसी के घर पर छापेमारी और जांच करने का अधिकार है?' **-संजय सिंह,नेता,** आप पार्टी



'ऐसा नहीं है कि मुंबई में घटनाएं नहीं होती. एक भी घटना होती है तो वह गंभीर है. लेकिन इसे इस तरह से दिखाना कि मुंबई असुक्षित हो गई है, गलत है.'



**-देवेंद्र फडणवीस,** मुख्यमंत्री,महाराष्ट्र

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

**indiagroundreport@gmail.com**

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# मुंबईकरों के सपनों को आकार देता है MMRDA: डीसीएम शिंदे

**दीपक पवार | मुंबई**

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को एमएमआरडीए की जमकर सराहना की। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित कन्वेंशन सेंटर में 'एमएमआरडीए' की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) मुंबईकरों के सपनों को आकार देने वाला विकास का प्रेरणा स्रोत है। दूसरे शब्दों में यह राज्य का विकास इंजन है। कार्यक्रम में कौशल, रोजगार और उद्यमिता विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, विधायक राजन नाईक, शहरी विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता, अतिरिक्त महानगर आयुक्त विक्रम कुमार, अश्विन मुद्गल, संयुक्त महानगर आयुक्त राधा विनोद शर्मा सहित एमएमआरडीए के अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उत्सव को राज्य के लोगों को दी गई सुविधाओं का उत्सव बताते हुए कहा कि वे तीव्र और गतिशील विकास के निर्माता 'एमएमआरडीए' की टीम को बधाई देते हैं। विकास, विरासत और संस्कृति का सही मिश्रण 'एमएमआरडीए' में देखा जा सकता है। अगली पीढ़ी को इस विकास का फल मिलेगा। प्राधिकरण ने मुंबई के साथ-साथ ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिलों के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई है। प्राधिकरण 6,500 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और 35 मिलियन की आबादी का विकास कर रहा है।




### एमएमआरडीए में अपार क्षमता

डीसीएम शिंदे ने कहा कि सलाहकार के रूप में स्थापित यह संगठन आज तीव्र गति से विकास कार्य कर रहा है। यह देश का एकमात्र प्राधिकरण है, जिसके पास 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के कार्य चल रहे हैं। इसका उद्देश्य राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। लेकिन अकेले एमएमआरडीए क्षेत्र में डेढ़ ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है। महानगरीय प्राधिकरण क्षेत्र में विश्व का वित्तीय केंद्र बनने की क्षमता है। मैं इस क्षमता का सृजन करने वाले प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देता हूं।

### दावोस में टूटेंगे रिकॉर्ड

उन्होंने कहा कि राज्य वर्तमान में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के क्षेत्र में नंबर एक स्थान पर है और उन्हें विश्वास है कि दावोस में अब तक के सभी निवेश रिकॉर्ड टूट जाएंगे। सरकार जनता के लिए काम कर रही है। सरकार लोगों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। अब मुंबई में झुग्गी पुनर्वास परियोजना को एमएमआरडीए, नगर निगम, सिडको और म्हाडा के माध्यम से कार्यान्वित करने का निर्णय लिया गया है। इसलिए उन्होंने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि ये परियोजनाएं शीघ्र ही पूरी हो जाएंगी। इस मौके पर सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री एडवोकेट शेलार ने कहा कि प्राधिकरण ने 50 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है। मैं आपको ऐसी शताब्दी लंबी छलांग लगाने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

# स्मार्ट सिटी योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी

**धीरेन्द्र उपाध्याय | ठाणे**



प्रादेशिक परिवहन अधिकारी हेमांगीनी पाटील ने जानकारी दी है कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नागरिकों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही, मनपा की स्मार्ट सिटी संकल्पना के तहत शहर में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। विजय कुमार कट्टी द्वारा लिखित पुस्तक "ग्रैंड रोहिणी स्टोरी ऑन रोड सेफ्टी" का विमोचन किया गया, जो सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगी।

### रोड सेफ्टी के लिए उठाए गए कदम

1500 ड्राइवर और 2000 स्कूल बस चालकों की आंखों की जांच की गई। जरूरतमंदों को मुफ्त में चश्मा वितरित किया गया। मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट के उपयोग और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

### दुर्घटनाओं में आई कमी

हेमांगीनी पाटील ने बताया कि साल 2023 की तुलना में दिसंबर 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। दुर्घटनाओं को और कम करने के लिए विभिन्न स्थानों पर फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए गए हैं।

### सड़क सुरक्षा अभियान के प्रयास

अभियान के दौरान उप प्रादेशिक परिवहन अधिकारी रोहित काटकर, सहायक प्रादेशिक परिवहन अधिकारी मानसिंग खाड़े, जनसंपर्क अधिकारी मनोज सानप, धनंजय गोसावी और गणेश पाटील जैसे अधिकारी उपस्थित थे।

# मुस्लिम वेल्फेयर एसोसिएशन ने जगताप के बयान की निंदा की

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

शिरडी, साईं बाबा के पवित्र स्थल के रूप में विश्वभर में जाना जाता है। साईं बाबा का संदेश "सबका मालिक एक" हमेशा से सर्वधर्म समभाव और भाईचारे का प्रतीक रहा है। लेकिन हाल ही में अहमदनगर के विधायक संग्राम जगताप द्वारा दिए गए बयान ने इस पवित्र माहौल को दूषित करने का प्रयास किया है। विधायक जगताप ने शिरडी के दरगाह की निधि पर सवाल उठाकर हिंदू-मुस्लिम समाज के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश की है। शिरडी के नागरिकों ने हमेशा भाईचारे को बनाए रखा है और इस तरह के बयानों से इस परंपरा को गहरा धक्का लग सकता है। सलीम सारंग ने आगे कहा कि यह कहना कि मुस्लिम समाज ने चुनाव में मतदान नहीं किया, समाज में गलत संदेश फैलाने का प्रयास है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट ने भी यह स्पष्ट किया है कि धार्मिक स्थलों के आधार पर विवाद उत्पन्न करना अनुचित है।

### राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के खिलाफ



सलीम सारंग ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की विचारधारा हमेशा छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा फुले, शाहू महाराज और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को आधार मानकर सभी समाज को साथ लेकर चलने पर बल देती है। लेकिन विधायक महोदय ने इस विचारधारा को छोड़कर केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए ऐसी हरकतें कीं, जो उनकी पार्टी की नीतियों के खिलाफ हैं। सलीम सारंग ने कहा कि मंत्री पद पाने के लिए विधायक महोदय द्वारा इस प्रकार के बयानों के माध्यम से लोगों की भावनाओं से खेलना अनुचित है। यदि समाज में धार्मिक तनाव उत्पन्न होता है, तो इसकी जिम्मेदारी संग्राम जगताप पर होगी।

### मुस्लिम वेल्फेयर एसोसिएशन की अपील

मुस्लिम वेल्फेयर एसोसिएशन की ओर से संग्राम जगताप से अपील की गई है कि वे विकास की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करें, समाज के सभी वर्गों के साथ समन्वय स्थापित करें, लोगों की समस्याओं का समाधान करें और साईं बाबा के "सबका मालिक एक" संदेश के अनुसार सभी को एकजुट करने का प्रयास करें।

# 'कल्याणकारी योजनाओं में बिजली उपभोक्ताओं की बढ़ाई जाए भागीदारी'

**▸▸ संयुक्त प्रबंध निदेशक दिलीप जगदाले के निर्देश**

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण/पालघर/वसई**

सौर पंप, मुख्यमंत्री सौर कृषि चैनल, प्रधानमंत्री सौर गृह, मुफ्त बिजली, अभय जैसी उपभोक्ता कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं महावितरण द्वारा कार्यान्वित की जा रही हैं। महावितरण के कोंकण क्षेत्रीय प्रभाग के संयुक्त प्रबंध निदेशक दिलीप जगदाले (भाप्रसे) ने यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने का निर्देश दिया कि इन उपभोक्ता कल्याण योजनाओं में अधिक से अधिक उपभोक्ता भाग लें।

### वसई और पालघर विभागीय कार्यालयों की समीक्षा



पालघर जिले के अंतर्गत महावितरण के वसई और पालघर विभागीय कार्यालयों की समीक्षा के लिए बुधवार और गुरुवार को आयोजित बैठकों में जगदाले बोल रहे थे। इन बैठकों में कल्याण सर्किल के मुख्य अभियंता चंद्रमणि मिश्रा और वित्त एवं लेखा विभाग के महाप्रबंधक अनिल बरहाटे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। जगदाले ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से उपभोक्ता न केवल बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली बेचकर आय भी अर्जित कर सकते हैं। इस योजना में अपने ग्राहक जुड़ाव लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें प्राप्त करने की दिशा में काम करें। चूंकि सौर कृषि पंप योजना कृषि पंपों को दिन के समय और टिकाऊ बिजली आपूर्ति की गारंटी देती है, इसलिए क्षेत्र के किसानों को इस योजना में शामिल किया जाना चाहिए।

### संपत्ति पर बकाया बिजली बिल पर कोई असर नहीं पड़ेगा

उपलब्ध जनशक्ति का कुशल उपयोग करके वर्तमान बिजली बिलों सहित बकाया राशि वसूलने के लक्ष्य को प्राप्त करने में नियमितता बनाए रखें। उपभोक्ताओं को नये विद्युत कनेक्शन शीघ्रता से, निर्धारित समय सीमा के भीतर, सरल एवं यथासंभव आसान तरीके से उपलब्ध कराये जाने चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, यदि किसी संपत्ति का स्वामित्व बदल भी जाए तो भी उस संपत्ति पर बकाया बिजली बिल पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसके आधार पर, जिन उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति स्थायी रूप से काट दी गई है, उनसे बकाया राशि वसूल की जानी चाहिए। इन ग्राहकों को अभय योजना के लाभ के माध्यम से मुख्यधारा में लाया जाना चाहिए। संयुक्त प्रबंध निदेशक ने अधिक लीकेज वाली विद्युत लाइनों पर नियमित अभियान चलाकर लीकेज कम करने के निर्देश दिए हैं। इन बैठकों में पालघर विभाग के अधीक्षण अभियंता दिलीप खानंदे, वसई विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय खंडारे, बुनियादी ढांचा नियोजन विभाग के अधीक्षण अभियंता महेश अंचिनमाने सहित सभी कार्यकारी अभियंता, अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता और उप कार्यकारी अभियंता उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया श्री राम मंदिर का प्रथम वार्षिक उत्सव




**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी में श्री राम मित्र मंडल और टेमघर ग्रामवासियों ने मिलकर अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। 22 जनवरी को आयोजित इस उत्सव में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। उत्सव में सत्यनारायण की पूजा, सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और संत प्रवचन जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम को भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। स्वामी गंभीरानंद आश्रम की भजन मंडली ने भजन प्रस्तुत किए, जिसने सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में उत्तर भारतीय समाज अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिंह दादा ठाकुर, भाजपा नेता पी डी यादव, मंगेश यादव, शहीद राजा राव रामबख्श सिंह समिति भिवंडी के अध्यक्ष विनोद त्रिपाठी, सचिव सुनील सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस और बाळासाहेब ठाकरे की जयंती पर श्रद्धांजलि

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



नेताजी सुभाषचंद्र बोस और शिवसेनाप्रमुख बाळासाहेब ठाकरे की जयंती के अवसर पर केडीएमसी की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ ने उनके प्रतिमाओं पर पुष्पहार अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस समारोह में उपआयुक्त स्वाती देशपांडे, अतुल पाटील, प्रसाद बोरकर, संजय जाधव, महापालिका सचिव किशोर शेळके, कार्यकारी अभियंता रोहिणी लोकरे, घनःश्याम नवांगुळ सहित महापालिका के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर नेताजी और बाळासाहेब की प्रतिमाओं पर पुष्पसुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इसके बाद, आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ ने सुभाष चौक, कल्याण (प.) में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित किया। कल्याण पश्चिम में, प्रबोधनकार ठाकरे सरोवर (शेनाळे तालाब) पर शिवसेनाप्रमुख बाळासाहेब ठाकरे की प्रतिमा पर भी आयुक्त ने पुष्पसुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर, उन्होंने बाळासाहेब ठाकरे की छायाचित्रों और चीजों को संजोने वाले संग्रहालय का दौरा कर उसकी समीक्षा की।

# वानगांव और दहानू रोड के बीच ब्लॉक

**▸▸ कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई सेंट्रल मंडल के वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए कंपोजिट गर्डर लॉन्च करने के लिए शनिवार, 25 और रविवार 26 जनवरी, 2025 को ब्लॉक लिये जाएंगे। 25 जनवरी, 2025 को 10.30 बजे से 11.30 बजे तक और 26 जनवरी, 2025 को 09.50 बजे से 10.50 बजे तक एक-एक घंटे के ब्लॉक अप एवं डाउन मेन लाइन पर लिये जाएंगे, जिनके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।

### 25 जनवरी, 2025 को शॉर्ट टर्मिनेट / निरस्त होने वाली ट्रेनें:-

ट्रेन संख्या 93013 विरार–दहानू रोड पैसेंजर वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा वानगांव और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 93015 चर्चगेट–दहानू रोड पैसेंजर वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा वानगांव और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

### 26 जनवरी, 2025 को शॉर्ट टर्मिनेट / निरस्त होने वाली ट्रेनें:-

ट्रेन संख्या 93011 चर्चगेट–दहानू रोड पैसेंजर वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा वानगांव और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 93013 विरार–दहानू रोड पैसेंजर बोईसर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा बोईसर और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

### 26 जनवरी, 2025 को रेगुलेट होने वाली ट्रेनें:-

ट्रेन संख्या 12934 अहमदाबाद–मुंबई सेंट्रल कर्णावती एक्सप्रेस 35 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 09653 अजमेर–बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 1 घंटा रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 09302 डॉ. अंबेडकर नगर–बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 1 घंटा रेगुलेट होगी।




### 25 जनवरी, 2025 को रेगुलेट होने वाली ट्रेनें:-

ट्रेन संख्या 12990 अजमेर–दादर एक्सप्रेस 35 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 12980 जयपुर–बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 25 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 12932 अहमदाबाद–मुंबई सेंट्रल डबल डेकर एक्सप्रेस 20 मिनट रेगुलेट होगी। ट्रेन संख्या 82902 अहमदाबाद–मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस 20 मिनट रेगुलेट होगी।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** – नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे। नौकरी में प्रमोशन के योग हैं। उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। समय पर निर्णय लेने से काम बनेंगे।

**वृष** – कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। किसी भी अपरिचित पर अंधविश्वास न करें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। दूसरे आपसे अधिक अपेक्षा करेंगे। काम में विलंब होगा। आय बनी रहेगी। बाहरी सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** – स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि संभव है। कोई भी बड़ा निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। विवाद न करें।

**कर्क** – प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। उत्तेजना से समस्या बढ़ सकती है। राजकीय कोप का भाजन बन सकते हैं।

**सिंह** – मेहनत सफल रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। समाज के वरिष्ठजनों से मेलजोल बढ़ेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी।

**कन्या** – मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पठन-पाठन व लेखन आदि के काम सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। किसी विशेष व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है।

**तुला** – जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मनोरंजन का अवसर प्राप्त होगा। शत्रु शांत रहेंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होगी। व्ययवृद्धि होगी। नए काम मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। तीर्थयात्रा का आनंद मिलेगा। दुष्टजनों से दूर रहें, हानि पहुंचा सकते हैं।

**धनु** – यात्रा मनोरंजक रहेगी। मेहनत का फल मिलेगा। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वयं की देनदारी समय पर चुका पाएंगे। भाइयों से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता तथा संतुष्टि होगी। शत्रु शांत रहेंगे। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** – बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। बाहरी व्यक्ति की बातों में न आएं। बड़ा काम करने का मन बनेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। जीवन सुखमय गुजरेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भूमि, भवन, दुकान, फैक्टरी व शोरूम आदि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी।

**कुंभ** – मान-सम्मान मिलेगा। मनोरंजन के अवसर मिलेंगे। नए काम मिल सकते हैं। अवसर का लाभ लें। पार्टनरों से मतभेद दूर होकर सहयोग मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मीन** – जरा सी लापरवाही हानि दे सकती है, विशेषकर गृहिणियां सावधानी रखें। किसी के उकसावे को नजरअंदाज करें। बात बढ़ सकती है। काम में मन नहीं लगेगा। नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी।

# कुंडली मांगलिक है तो शादी कब होगी।

आज बात करते है कुंडली मांगलिक है तो शादी हो पाएगी या नही और होगी तो कब तक होगी और शादीशुदा जीवन कैसा रहेगा आदि। कुंडली का सातवां भाव शादी का है और जब मंगल कुंडली के पहले, चौथे, सातवे, आठवें, बारहवे भाव में हो तब कुंडली मांगलिक बन जाती है अब कुंडली इस तरह से मांगलिक है और मंगल कुंडली में पूरी तरह से अशुभ भावो जैसे छठे, आठवें, बारहवें भाव का स्वामी बनकर सातवे भाव और सातवे भाव स्वामी दोनो को देख रहा है या पीड़ित कर रहा है और सातवे भाव स्वामी कुंडली के छठे, आठवें या बारहवें भाव में है तब शादी होने में बहुत दिक्कत हैऔर शादी भी न हो यह भी संभव है जो की कुंडली विश्लेषण करके ही ज्यादा सटीक ऐसी स्थिति में पता चलेगा शादी होगी या नहीं अब आगे अगर मंगल कुंडली में शुभ स्थिति में है तब कुंडली मांगलिक है तब कोई समस्या वाली बात नही है ज्यादा कोई खास मांगलिक का नकारात्मक प्रभाव नहीं होगा। अब कुछ उदाहरणों से समझते है किस तरह की कुंडली मांगलिक है और किस तरह की दिक्कत है आ सकती है और आयेगी भी या नही और कब तक शादी हो जायेगी और कब तक शादी करना सही है मांगलिक होने पर कुछ उदाहरणों से समझते है।






प्रियंका जैन
9769994439

**उदाहरण_अनुसार_कन्या_लग्न1:-**

कन्या लग्न में मंगल अष्टम और तृतीय भाव स्वामी होकर सबसे ज्यादा मारक और अशुभ फलदाई ग्रह होता है अब मंगल इस लग्न में मांगलिक योग बनाकर बैठा हो और मंगल की दृष्टि सातवे भाव सहित सातवे भाव के स्वामी गुरु पर भी है और सातवे भाव पर शुभ ग्रहों का प्रभाव नहीं है तब शादी शुदा जीवन में भी बहुत लड़ाई झगडे रहेगी वैवाहिक जीवन कष्टकारी रहकर दुखी रहेगा /शादी होने में भी परेशानी बहुत रहेगी जो की कुंडली देखकर ही पता चलेगा परेशानी किस स्तर तक की रहेगी और कब तक शादी होगी।

**उदाहरण_अनुसार_कर्क_लग्न2:-**

कर्क लग्न में मंगल योगकारक ग्रह होकर परम शुभ होता है अब मंगल की स्थिति शुभ है तब मांगलिक होने पर कोई दिक्कत नही आयेगी, हा यदि मंगल की स्थिति अच्छी नहीं है मंगल सातवे भाव और सातवे भाव स्वामी शनि दोनो को कुछ अशुभ होकर पीड़ित कर रहा है तब वैवाहिक जीवन में दिक्कत रहेगी और विवाह होने में परेशानी/बाधा बनी रहेगी।अब कब तक विवाह होगा मांगलिक होने पर यह कुंडली में विवाह योग का समय देखकर ही पता चलेगा।

**उदाहरण_अनुसार_कुंभ_लग्न3:-**

कुंभ लग्न में मंगल कुंभ लग्न अनुसार न तो मंगल शुभ होता है और न अशुभ , अब कुंडली मांगलिक है कुंभ लग्न में तब यहां मंगल की स्थिति पर निर्भर करेगा मंगल का प्रभाव वैवाहिक जीवन और विवाह होने पर कैसा रहेगा जो की कुंडली देखकर ही पता चल पाएगा।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025



## न्यूज़ ब्रीफ




### वानखेड़े में क्रिकेट गेंदों से लिखा सबसे बड़ा वाक्य

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद गेंदों का इस्तेमाल करके क्रिकेट गेंदों से सबसे बड़ा वाक्य बनाने का 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया। इस स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के लिए एमसीए के भव्य समारोह के दौरान यह उपलब्धि हासिल की गई। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने बताया कि संघ ने इन गेंदों का उपयोग करके क्रिकेट बॉल से 'फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम वाक्य लिखकर 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। यह रिकॉर्ड 1975 में 23 से 29 जनवरी तक भारत और वेस्टइंडीज के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पहले अंतरराष्ट्रीय मैच की सालगिरह पर बनाया गया। यह उपलब्धि स्वर्गीय एकनाथ सोलकर और मुंबई के अन्य पूर्व खिलाड़ियों की स्मृति को समर्पित है। सोलकर ने उस मुकाबले में शतक बनाया था।

### इरफान ने शमी की वापसी में देरी को सही ठहराया

**एजेंसी | कोलकाता**



पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि भारतीय टीम के 'थिंक टैंक' ने मोहम्मद शमी की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी में देरी करके इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उन्हें मैदान में नहीं उतारकर सही फैसला किया। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, जब आप बेहद अनुभवी हो और भारत के चोटी के 10 गेंदबाजों में शामिल हो तो आप अपने शरीर की सीमाओं को अच्छी तरह से समझते हैं। शमी ने हमेशा अपनी स्थिति के बारे में टीम प्रबंधन को पूरी ईमानदारी से अवगत कराया तथा यह फैसला आपसी सहमति से लिया गया।

### एक मैच के निलंबन के कारण नहीं खेल सके अंकित बावने

**डीबीडी संवाददाता | पुणे**

बीसीसीआई ने महाराष्ट्र के बल्लेबाज अंकित बावने पर पिछले साल रणजी ट्रॉफी मैच में मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ असहमति जताने पर एक मैच का निलंबन लगाया था जिसके कारण वह बड़ौदा के खिलाफ नासिक में गुरुवार को मैच में नहीं खेल पाए। बीसीसीआई ने महाराष्ट्र की टीम को इस फैसले की सूचना दी जहां वह ग्रुप ए का रणजी मैच खेल रही है। पिछले साल नवंबर में एमसीए मैदान पर अमित शुक्ला की गेंद पर सेना के शुभम रोहिल्ला द्वारा स्लिप में कैच लिए जाने के बाद भी बावने अपनी क्रीज पर डटे रहे थे। डीआरएस की अनुपलब्धता से फैसले को चुनौती नहीं दिए जाने के कारण बावने ने करीब 15 मिनट तक मैदान छोड़ने से इनकार कर दिया।

## अंडर-19 विश्व कप

# भारतीय महिला टीम को सुपर सिक्स का टिकट

**एजेंसी | कुआलालंपुर**

सलामी बल्लेबाज जी तृषा की 49 रन की पारी और नई गेंद से तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी अंडर-19 टी-20 महिला विश्व कप के 'सुपर सिक्स का टिकट कटा लिया है। उसने गुरुवार को यहां श्रीलंका पर 60 रन की एकतरफा जीत दर्ज की। भारत ने ग्रुप चरण के अपने अभियान को तीन मैचों में तीन जीत के साथ शीर्ष पर रहते हुए खत्म किया।

- 60 रन की एकतरफा जीत श्रीलंका पर दर्ज की
- 49 रन त्रिशा ने पांच चौके, एक छक्के से बनाए



### त्रिशा की तेज पारी

ग्रुप ए के इस मुकाबले में बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में त्रिशा ने 44 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। इससे भारत ने नौ विकेट पर 118 रन बनाए। मिथिला विनोद (10 गेंद, 16 रन) और वीजे जोशीथा (नौ गेंद, 14 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाए। फिर तेज गेंदबाज जोशीथा और शबनम शकील ने शुरुआती चार ओवर में दो-दो विकेट झटककर श्रीलंका का स्कोर चार विकेट पर नौ रन कर दिया। अगले ओवर में कप्तान मनुडी नानायककारा के रन आउट होने से उसकी 12 रन तक आधी टीम पवेलियन पहुंच गए। अंत में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 58 रन ही बना सकी। श्रीलंका के लिए रश्मिका सेवांडी (15 रन) ही दोहरे अंक में रन बना सकी। आयुषी शुक्ला (एक विकेट) और मलेशिया के खिलाफ पांच रन पर पांच विकेट लेने वाली वैष्णवी शर्मा (एक विकेट) ने भी श्रीलंका के बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका नहीं दिया।

## हमें स्पिन से निपटने का तरीका निकालना होगा : बटलर

**एजेंसी | कोलकाता**



इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने पहले टी-20 में करारी हार के बाद कहा कि भारतीय परिस्थितियों में स्पिनरों को खेलना चुनौती बनी रहेगी। उनके बल्लेबाजों को वापसी करने के लिए इससे निपटने का तरीका ढूंढ़ना होगा। बटलर ने मैच के बाद कहा, हम उस तरह का खेल नहीं खेल पाए जैसा खेलना चाहते थे। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। हमारे कुछ बल्लेबाज पहली बार उनके कुछ गेंदबाजों का सामना कर रहे थे। उनके प्रदर्शन पर गौर करना अच्छा होगा। हम बड़ा स्कोर बनाना चाहते हैं जिसका बचाव कर सकें। इंग्लैंड के कप्तान ने स्वीकार किया कि स्पिन भारत में लगातार चुनौती बनी रहेगी। बटलर ने कहा, हमारे पास वास्तव में अच्छे खिलाड़ी हैं। हमारा मानना है कि हमें हर मैच में कम से कम तीन स्पिनरों का सामना करना पड़ेगा। हमें उन पर दबाव बनाने के लिए अपनी व्यक्तिगत रणनीति के साथ खेलना होगा। हार के बावजूद बटलर ने कहा कि इंग्लैंड अपने आक्रामक ब्रांड से नहीं हटेगा। उन्होंने कहा, टी-20 में हम हमेशा आक्रामक खेलने का प्रयास करते हैं। मुझे लगता है कि 2015 के बाद से हमारा सीमित ओवरों की क्रिकेट में खेलने का यही तरीका रहा है और हम वास्तव में कभी इससे पीछे नहीं हटे हैं।

## चैंपियंस लीग

### हालैंड भी मैनचेस्टर सिटी को नहीं बचा सके हार से

**एजेंसी | पेरिस**

धाकड़ युवा स्ट्राइकर इर्लिंग हालैंड का गोल भी मैनचेस्टर सिटी को हार से नहीं बचा सका। उनकी टीम बुधवार को पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से मिली करारी हार के बाद चैंपियंस लीग फुटबॉल से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई।

#### पीएसजी भी संकट में

दो गोल की बढ़त लेने के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को पीएसजी ने 4-2 से पराजित कर दिया। हालांकि इस जीत के बावजूद पीएसजी पर भी बाहर होने का खतरा बना हुआ है। इस टूर्नामेंट में 36 टीम भाग ले रही हैं जिनमें से 24 टीम ही अगले दौर में प्रवेश करेंगी। मैनचेस्टर सिटी अभी 25वें जबकि पीएसजी 22वें स्थान पर है। मैनचेस्टर सिटी को नॉकआउट प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपने अगले मैच में क्लब ब्रुग को हर हाल में हराना होगा। पीएसजी को भी अगले दौर के मैच में 24वें स्थान पर काबिज स्टटगार्ट पर जीत हासिल करने की जरूरत पड़ेगी। इस बीच पिछले सत्र में रिकॉर्ड 15वां यूरोपीय खिताब जीतने वाले रियाल मैड्रिड नॉकआउट चरण में पहुंच गया है। पहले रियाल मैड्रिड 22वें स्थान पर था लेकिन साल्जबर्ग को 5-1 से हराकर वह 16वें स्थान पर पहुंच गया। आर्सेनल और इंटर मिलन अपने-अपने मैच जीतकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। लिवरपूल और बार्सिलोना पहले दो स्थान पर काबिज हैं।

## आईएल टी-20

### जांपा शारजाह वॉरियर्स से जुड़े




**एजेंसी | शारजाह**

ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर और दाएं हाथ के बल्लेबाज एडम जांपा डीपी वर्ल्ड आईएल टी-20 के तीसरे सत्र के शेष भाग में शारजाह वॉरियर्स के लिए खेलेंगे। उन्हें श्रीलंकाई विकेटकीपर बल्लेबाज कुसाल मेंडिस की जगह टीम में शामिल किया गया है। मौजूदा सत्र में वॉरियर्स की टीम फिलहाल पांच मैच में दो जीत और एक हार के साथ चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। छह टीमों का टूर्नामेंट 2023 में शुरू हुआ था। पहला सत्र में गल्फ जाइंट्स ने डेसर्ट वाइपर्स को हराकर खिताब जीता था जबकि पिछले साल एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स को हराकर ताज पर कब्जा किया था। जांपा ने कहा, मैं आदिल राशिद, टिम साउथी और जेपी डुमिनी जैसे खिलाड़ियों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हम एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## वरुण हमारे लिए 'गेम-चेंजर रहे हैं : अभिषेक

**एजेंसी | कोलकाता**

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने भारत की इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के पहले मैच में सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई लेकिन उन्होंने इस जीत का श्रेय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को अधिक दिया। उन्होंने बुधवार को जीत के बाद कहा कि वापसी करने के बाद वह टीम के लिए 'गेम-चेंजर रहे हैं।




#### कप्तान को दिया श्रेय

अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी देने के लिए कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, एक बल्लेबाज के रूप में जब आप कुछ पारियों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हो तो थोड़ा दबाव होता है लेकिन कोच और कप्तान ने खिलाड़ियों को स्वाभाविक खेल खेलने की छूट दी है। मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा था, फिर भी उन्होंने कहा कि आप मैच जीत सकते हो। मैदान पर उतरो और स्वाभाविक खेल खेलो। जब कोई कप्तान या कोच ऐसा कुछ कहता है तो आत्मविश्वास बढ़ता है। इसके अलावा आपको खुद पर भरोसा रखना होता है।

#### पासा पलट दिया

पावरप्ले के बाद इंग्लैंड लगभग नौ रन प्रति ओवर की दर से रन बना रहा था लेकिन आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले चक्रवर्ती ने एक ओवर में मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने हैरी ब्रुक और लियाम लिविंगस्टोन को तीन गेंदों में आउट करके मैच को भारत की पकड़ में ला दिया। इंग्लैंड की टीम 132 रन पर आउट हो गई और भारत ने 12.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक ने मैच के बाद कहा, पिछली कुछ सीरीजओं को देखें तो वरुण गेम-चेंजर रहे हैं। टी-20 में परिस्थितियां बल्लेबाजों के अनुकूल होती हैं लेकिन वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन पर आप भरोसा कर सकते हैं और यह महत्वपूर्ण है। विरोधी टीमों के लिए वरुण का सामना करना मुश्किल रहा है। यहां तक कि हमारे अन्य स्पिनर रवि बिश्नोई और अक्षर पटेल ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

## सबालेंका लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में

- पाउला बडोसा को सीधे सेट में हराया
- 25 जनवरी को खिताबी मुकाबला

**एजेंसी | मेलबर्न**

डिफेंडिंग चैंपियन आर्याना सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के फाइनल में पहुंच गई हैं। वे लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने गुरुवार को मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में स्पेन की पाउला बडोसा को हराया। बेलारूस की सबालेंका ने पाउला के खिलाफ 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। सबालेंका की ऑस्ट्रेलियन ओपन में यह लगातार 20वीं जीत है। वे लगातार तीसरी बार खिताब जीतने के करीब हैं। उन्होंने 2023 और 2024 में टाइटल जीता था।



#### विमेंस सिंगल्स का दूसरा सेमीफाइनल जारी

विमेंस सिंगल्स का दूसरा सेमीफाइनल पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक और अमेरिका की मेडिसन कीज के बीच खेला जा रहा है। स्वियातेक मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले आज यानी शुक्रवार को खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल नोवाक जोकोविच और एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मुकाबला वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर और बेन शेल्टन के बीच होगा।

#### 1905 से खेला जा रहा है ऑस्ट्रेलियन ओपन

ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था। बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया 'टेनिस ऑस्ट्रेलिया' बन गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप को ऑस्ट्रेलियन ओपन नाम दे दिया गया। 1969 से इस टेनिस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन के नाम से जाना जाने लगा।

### क्लार्क ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के 'हॉल ऑफ फेम में


**एजेंसी | मेलबर्न**

विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के 'हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले 64वें खिलाड़ी बन गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को बधाई। अपने 12 साल के करियर में क्लार्क ने टेस्ट और वनडे में क्रमशः 49.10 और 44.58 की औसत से 8643 और 7981 रन बनाए। क्लार्क ने टेस्ट करियर में 28 शतक लगाए जिनमें सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर भारत के खिलाफ के खेली गई 329 रन की पारी भी शामिल है।

### सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को हराया

**एजेंसी | गक्बेरहा**

मौजूदा चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए-20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 52 से हराकर लगातार तीसरे मैच में बोनस अंक के साथ जीत दर्ज की। सनराइजर्स ने सात विकेट पर 149 रन बनाने के बाद कैपिटल्स को 16.3 ओवर में 97 रन पर आउट कर दिया। लीग की शुरुआती दोनों सत्र की चैंपियन सनराइजर्स की टीम 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर है जबकि कैपिटल्स की टीम पांचवें स्थान पर है। कैपिटल्स के ईथन बॉश (तीन विकेट) और ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ की शानदार गेंदबाजी के सामने सनराइजर्स की टीम ने 53 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। बॉश कैपिटल्स के लिए सबसे सफल गेंदबाज बन गए है। उनके नाम 26 विकेट हो गए हैं।




## चेक बाउंस मामले में राम गोपाल वर्मा दोषी करार

मशहूर फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा को मुंबई की एक अदालत ने लंबे समय से चल रहे चेक बाउंस मामले में तीन महीने की जेल की सजा सुनाई है। अदालत के इस फैसले से कई सालों से चल रही कानूनी लड़ाई का अंत हो गया है। उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया गया है। अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में फैसला सुनाने के लिए मंगलवार (21 जनवरी) की तारीख तय की थी, जो फिल्म निर्माता द्वारा अपनी आगामी फिल्म सिंडिकेट की घोषणा करने से एक दिन पहले की बात है।

### गैर जमानती वारंट जारी



### सात साल चली मामले की सुनवाई


हालांकि, राम गोपाल वर्मा ने इस सेशन में भाग नहीं लेने का फैसला किया। अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सात साल तक मामले की सुनवाई के बाद मुंबई की अदालत ने आखिरकार आज उनके नाम पर गैर-जमानती वारंट जारी किया है। राम गोपाल वर्मा को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत दोषी पाया गया है।

#### क्या है पूरा मामला

यह मामला श्री नाम की कंपनी द्वारा महेशचंद्र मिश्रा के माध्यम से 2018 में राम गोपाल वर्मा की फर्म के खिलाफ दायर की गई शिकायत से शुरू हुआ है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राम गोपाल वर्मा द्वारा जारी किया गया चेक कम राशि के कारण बाउंस हो गया था। जून 2022 में निदेशक को व्यक्तिगत मुचलका और 5000 रुपये की सुरक्षा जमा राशि प्रदान करने के बाद जमानत दे दी गई थी। मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 428 के तहत कोई 'सेट-ऑफ' नहीं होगा, क्योंकि राम गोपाल वर्मा मुकदमे के दौरान हिरासत में नहीं थे। कई सुनवाई और कानूनी कार्यवाही के बाद अदालत ने फिल्म निर्माता के खिलाफ फैसला सुनाया।

## आयुष्मान बने फिक्की फ्रेम्स के ब्रांड एंबेसडर

जल्द ही फिक्की (FICCI) अपनी 25वीं एनिवर्सरी मनाने वाला है। फिक्की यानी फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, हर साल एक सम्मेलन करवाता है, इसमें अलग-अलग इंडस्ट्री के लोग शामिल होते हैं। इसी आयोजन के लिए आयुष्मान खुराना को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है, वह मीडिया-एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को रिप्रेजेंट करेंगे।



#### सम्मानित महसूस कर रहे हैं आयुष्मान

फिक्की फ्रेम्स के ब्रांड एंबेसडर बनने पर आयुष्मान काफी खुश हैं। वो कहते हैं, 'फिक्की फ्रेम्स की 25वीं एनिवर्सरी से पहले मुझे ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है, मैं इस बात को लेकर काफी सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब मैं चंडीगढ़ से मुंबई आया था तो मेरी आंखों में सिर्फ सपने थे। मैंने कभी भी नहीं सोचा था कि यहां तक पहुंच पाऊंगा। मैं फिक्की द्वारा दी गई नई जिम्मेदारी से काफी खुश हूं। मैं उनके साथ मिलकर काम करने लिए पूरी तरह से तैयार हूं। हम मिलकर इंडस्ट्री में नए नवाचार पर काम करेंगे, इसे और बेहतर बनाने पर काम करेंगे।' पहले भी कई इंटरनेशनल स्टार फिक्की फ्रेम्स के मंच पर नजर आ चुके हैं, इनमें हॉलीवुड एक्टर ह्यू जैकमैन शामिल हुए थे।

## स्वरा भास्कर ने बॉलीवुड पर साधा निशाना

स्वरा भास्कर आखिरी बार 2022 में पर्दे पर दिखी थीं। साल 2023 की शुरुआत में वह शादी के बंधन में बंधी थीं और साल के अंत में वह एक बेटी की मां बनीं। तभी से स्वरा अपनी बेटी की परवरिश में व्यस्त रही हैं। भले ही इस बीच स्वरा पर्दे पर सक्रिय नहीं रहीं, लेकिन राजनीतिक मुद्दों पर राय देने से वह पीछे नहीं हटीं। हाल ही में उन्होंने बताया कि इसी चक्कर में बॉलीवुड ने उनसे किनारा कर लिया।



#### स्वरा को राजनीतिक राय रखना पड़ा भारी

स्वरा ने इंटरव्यू में कहा, 'मेरी जिस तरह की राजनीतिक राय है, उसके लिए मुझे ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। अब इससे इनकार करने का कोई मतलब नहीं है। यह बहुत स्पष्ट है। मेरे राजनीतिक विचारों के कारण मुझे फिल्म इंडस्ट्री ने ब्लैकलिस्ट कर दिया। मेरे फिल्मी करियर पर इस वजह से बुरा असर पड़ा। बॉलीवुड में मेरे एक्टिंग टैलेंट को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया।'

#### जानती थी मुझे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी- स्वरा

स्वरा आगे कहती हैं, 'हालांकि, इसे लेकर मेरे मन में कोई कड़वाहट नहीं है। मैंने एक रास्ता चुना और मुझे पता था कि इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। बुरा लगता है। दर्द होता है। मुझे अपना काम पसंद था और मैं अब भी इसे पसंद करती हूं। मैं एक बहुत ही काबिल अभिनेत्री थी। उम्मीद है कि मैं अब भी रहूंगी, इसलिए ब्लैकलिस्ट किए जाने का दुख होता है, लेकिन यह किस संदर्भ में है, उसे मैं अच्छी तरह समझती हूं।'

## न्यूज़ ब्रीफ

### दो दिवसीय दौरे पर बीजिंग जाएंगे विदेश सचिव विक्रम मिस्री

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार से दो दिवसीय यात्रा पर बीजिंग जाएंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को बताया कि विक्रम मिस्री विदेश सचिव स्तरीय बैठक के लिए चीन का दौरा कर रहे हैं। इस इस बैठक का महत्व राजनीतिक, आर्थिक और भारत-चीन संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा करना है। पिछले हफ्ते राष्ट्री सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने बीजिंग का दौरा किया था। उन्होंने सीमा विवाद को लेकर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) संवाद में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की थी।

### यूडीएफ सांसद फ्रांसिस जॉर्ज ने किया वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन

**कोच्चि।** केरल के एक यूडीएफ सांसद ने कहा है कि वह भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तरफ से संसद में पेश किए जाने वाले वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 का समर्थन करेंगे। केरल कांग्रेस (जोसेफ) पार्टी के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में इसके एकमात्र सदस्य फ्रांसिस जॉर्ज ने कहा है कि एक जनप्रतिनिधि और एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में वह नए विधेयक का समर्थन करेंगे। केरल कांग्रेस (जोसेफ) केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ की एक प्रमुख सहयोगी है।

### गलत धारणाओं से प्रभावित होती है चुनाव प्रक्रिया: मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने गुरुवार को लोकतांत्रिक देशों में चुनाव का प्रबंधन करने वाले निकायों को चुनावी प्रक्रियाओं में विश्वास को खत्म करने वाले गलत धारणाओं के प्रति सावधानी बरतने के आग्रह किया। उन्होंने दक्षता, पारदर्शिता और मतदाता विश्वास बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और कहा कि यह सही है कि प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है, लेकिन यह साइबर सुरक्षा खतरों और गलत सूचना जैसी चुनौतियां पेश करती है।

### नरसंहार के आरोपियों पर भी यूनुस सरकार मेहरबान

**ढाका।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में गुरुवार को 178 पूर्व अर्धसैनिक बलों समेत बांग्लादेश राइफल्स (BDR) के कुल 300 पूर्व सैनिकों को जमानत पर जेल से रिहा कर दिया गया है। इन लोगों पर 16 साल पहले एक हिंसक विद्रोह में भाग लेने के आरोप थे, जिसमें दर्जनों वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की हत्या कर दी गई थी। दरअसल, 2009 में बांग्लादेश राइफल्स के उग्र सैनिकों ने ढाका में शुरू हुए और पूरे देश में फैले दो दिवसीय विद्रोह के दौरान 74 लोगों की हत्या कर दी थी। इस विद्रोह से तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार अस्थिर हो गई थी। हसीना ने विद्रोह से कुछ दिनों पहले ही दूसरी बार देश की बागडोर संभाली थी।

# जगबीर अली की हत्या मामले में घिरी स्टालिन सरकार

एजेंसी । चेन्नई

● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने बताया साजिश



तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने हाल ही में पर्यावरण कार्यकर्ता जगबीर अली की मौत पर राज्य सरकार का घेराव किया है। उन्होंने कहा कि यह पहले से ही तय की गई साजिश थी, जिसके तहत उन्हें जानबूझकर मार दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस लॉरी ने अली को टक्कर मारा वो बाद में पीछे की ओर मुड़कर 2-3 बार उन्हें घसीटा, जिससे ये निश्चित किया जा सके कि अली की मौत हो चुकी है। हालांकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार द्वारा मामले की जांच सीबी सीआईडी को सौंपने को लेकर खुशी जताई। साथ ही इस घटना को समान्य दुर्घटना मानने के बजाय गहरी साजिश करार दिया। गौरतलब है कि वेंकलूर निवासी अली की बीते शुक्रवार दोपहर मस्जिद से लौटते समय लॉरी से हत्या कर दी गई। इसको लेकर उनकी पत्नी मरियम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उनके पति की मौत दुर्घटना नहीं थी, बल्कि थुलैयनूर के ग्रेनाइट खदान संचालकों द्वारा जानबूझकर की गई हरकत थी।

### अवैध खनन के खिलाफ अली ने उठाया था आवाज

उनकी पत्नी का ने कहा कि अली ने कथित तौर पर शिकायत दर्ज कराई थी और क्षेत्र में अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ अदालतों का दरवाजा खटखटाया था। पलानीस्वामी ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की, न्याय की आवश्यकता और अवैध खनन और कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया। इस घटना ने कार्यकर्ताओं और विपक्ष के बीच आक्रोश पैदा कर दिया है।

# भूटान के मुख्य चुनाव आयुक्त ने की भारतीय एवीएम की तारीफ

एजेंसी । नई दिल्ली



एक ओर देश में ईवीएम से चुनाव कराने का विरोध किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पड़ोसी देश भारत की ईवीएम को बेहतर बताया जा रहा है। भूटान के मुख्य चुनाव आयुक्त दाशो सोनम टोपगे का कहना है कि भारत की ईवीएम के इस्तेमाल से उनके देश में चुनाव प्रक्रिया बेहतर हुई है। दिल्ली में चुनाव आयोग द्वारा आयोजित चुनाव प्रबंधन निकायों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ईवीएम ने भूटान के लोगों का विश्वास जीत लिया है। उन्होंने ईवीएम उपलब्ध कराने के लिए भारत का धन्यवाद किया। भूटान के मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि भूटान में बायोमेट्रिक एकीकृत राष्ट्रीय आईडी प्रक्रिया है। इसके जरिये ही मतदाता का सत्यापन किया जाता है। भूटान भविष्य के चुनावों में ऑनलाइन मतदान की संभावना तलाश रहा है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि भूटान के अलावा नेपाल और नामीबिया में भी सीमित संख्या में भारतीय ईवीएम का इस्तेमाल किया जाता है। बीईएल और ईसीआईएल चुनाव आयोग के लिए ईवीएम का बनाते हैं।

### शेरिंग तोबगे ने जीता था चुनाव

भूटान में पिछले साल जनवरी में आम चुनाव हुए थे। भूटान के पूर्व प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे की पार्टी ने संसद में करीब दो-तिहाई सीटों के साथ आम चुनाव जीता था। तोबगे की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने 2024 के नेशनल असेंबली के आम चुनावों में तीस सीटों के साथ जीत हासिल की। जबकि, भूटान ट्रेंड्स पार्टी (बीटीपी) ने बाकी सत्रह सीटों पर जीत दर्ज की। पीडीपी को कुल वोटों का 42.53 फीसदी और बीटीपी को 19.59 फीसदी वोट मिले।

# बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े और आलोक नाथ पर FIR

एजेंसी । सोनीपत



बॉलीवुड के दो एक्टर्स श्रेयस तलपड़े और आलोकनाथ को इन्वेस्टमेंट के लिए प्रमोशन करना भारी पड़ रहा है। दरअसल हरियाणा के सोनीपत में बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े और आलोकनाथ समेत 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### शिकायतकर्ता ने क्या कहा ?

शिकायतकर्ता विपुल ने पुलिस में दी गई शिकायत में कहा है कि ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी ने अपनी वित्तीय योजनाओं के जरिए लोगों को धोखा देने का गंभीर अपराध किया है। इस सोसाइटी ने 16 सितंबर 2016 से हरियाणा समेत कई राज्यों में काम करना शुरू किया था। इसका मुख्य काम फिक्स्ड डिपाजिट (FD) और आरडी (RD) जैसी बचत योजनाओं का था। सोसाइटी ने शुरुआत में खुद को एक सुरक्षित और भरोसेमंद वित्तीय संस्था के तौर पर प्रस्तुत किया।

### सोनीपत में दर्ज की गई एफआईआर

सोनीपत में दर्ज की गई एफआईआर के मुताबिक मध्यप्रदेश के इंदौर में रजिस्टर्ड ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी पर लाखों लोगों का करोड़ों रुपए लेकर भागने का आरोप है। एफआईआर में कहा गया है कि बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े और आलोकनाथ ने ब्रांड एंबेसेडर के तौर पर सोसाइटी को प्रमोट किया था जिससे लोगों का इस सोसाइटी पर भरोसा बढ़ा और लोगों ने इसमें इन्वेस्टमेंट किया।

# अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ बड़ा एक्शन

● ईंट भट्टे से पकड़े गए 17 बांग्लादेशी

एजेंसी । रेवाड़ी



जिले में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है. गांव सहारनवास स्थित एक ईंट-भट्टे से रामपुरा थाना पुलिस और गुप्तचर विभाग की टीम ने 17 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा है, जिनके खिलाफ पुलिस केस दर्ज करने में जुट गई है. आरोपी 15 साल पहले बॉर्डर पार कर अवैध तरीके से भारत में घुसे थे, जो सहारनवास के एक ईंट-भट्टे पर काम करते थे. रामपुरा थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है.

### कुछ साल राजस्थान में गुजारे

पूछताछ में पता चला कि ये परिवार बांग्लादेश से 15 वर्ष पहले बॉर्डर पार करके भारत में घुसे थे. कुछ साल इन्होंने राजस्थान में गुजारे और कुछ सालों से रेवाड़ी आकर इस ईंट-भट्टे पर काम कर रहे थे. पुलिस ने इनके खिलाफ अवैध तरीके से बॉर्डर पार करके भारत में घुसने का केस दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है.

### आरोपियों में महिलाएं भी शामिल

दरअसल, गुप्तचर विभाग की टीम ने घुसपैठियों की पहचान के लिए अभियान चलाया हुआ है. जिसके तहत बुधवार को गांव सहारनवास स्थित ईंट-भट्टे पर रामपुरा थाना पुलिस और गुप्तचर विभाग की टीम के अधिकारियों ने जब वहां काम कर रहे श्रमिकों के कागजातों की छानबीन की तो 17 बांग्लादेशी अपनी पहचान और भारतीय नागरिक होने का प्रमाण नहीं दे सके. इनमें 7 पुरुष, 5 महिलाएं और 5 बच्चे हैं.

# तूतीकोरिन हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिली



एजेंसी । तूतुकुड़ी

तमिलनाडु के तूतुकुड़ी में तूतीकोरिन एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। बताया जा रहा है कि धमकी भरा मैसेज ईमेल के जरिए मिली है, जिसमें एयरपोर्ट को उड़ाने की बात कही गई है। इससे पहले आज ही मुंबई के एक स्कूल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। तूतीकोरिन एयरपोर्ट के प्रशासनिक कार्यालय ने बताया कि एयरपोर्ट पर यात्रियों की गहन जांच की जा रही है। हालांकि, अभी तक धमकी देने वाले शख्स की पहचान नहीं हो पाया है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भतीजे ने किया राहुल गांधी का समर्थन

एजेंसी । कोलकाता




स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आजादी के नायक सुभाष चंद्र बोस के निधन की तारीख को लेकर राहुल गांधी के पोस्ट पर विवाद छिड़ा है। इस मामले में सुभाष चंद्र बोस के भतीजे चंद्र कुमार बोस ने राहुल गांधी का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि नेताजी की जयंती पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पोस्ट पर विवाद गलत है। सरकार को चाहिए कि वह नेताजी की अस्थियों को वापस लाने के लिए उनकी बेटी के पत्रों का जवाब दे। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि राहुल ने जो लिखा है। इसमें विवाद की तो बात ही नहीं है। यह तो एनडीए सरकार ने ही प्रमाणित कर दिया था कि 18 अगस्त 1945 में उनका देहांत हुआ था। सरकार ने 2016-17 में जांच के बाद जो 10 फाइलें सार्वजनिक की हैं, उसमें स्पष्ट हो रहा है कि उनका देहांत हुआ था। इसलिए, राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो विवाद कर रहे हैं, वे नेशनल आर्काइव में जाकर पढ़ लें। पता चल जाएगा। दरअसल, राहुल ने बृहस्पतिवार को नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने नेताजी के निधन की तारीख 18 अगस्त 1945 लिखी। इस पर विवाद हो गया। सत्तापक्ष के कई नेताओं ने इसे नेताजी का अपमान करार दिया और माफी की मांग की।

# 'सभी के लिए है जीवन का अधिकार'

● सुप्रीम कोर्ट ने विदेशियों के डिटेंशन पर असम सरकार को लगाई फटकार

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को डिटेंशन सेंटरों/ट्रांजिट कैंपों से जुड़े मामले को लेकर को फटकार लगाई है। अदालत ने पूछा कि सरकार ने यह नहीं बताया कि विदेशी नागरिकों को डिटेंशन सेंटरों में क्यों रखा जा रहा है। उन्हें उनके देश वापस क्यों नहीं भेजा जा रहा है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को अगली सुनवाई में वर्चुअली हाजिर होने का आदेश दिया है। साथ ही, स्पष्टीकरण देने को भी कहा है।



### सरकार को दिया गया था 6 महीने का समय

बेंच ने कहा कि राज्य सरकार को हलफनामा दाखिल करने के लिए छह हफ्ते का समय दिया गया था। हमें उम्मीद थी कि राज्य सरकार 270 विदेशी नागरिकों को ट्रांजिट कैंपों में बंद रखने के कारणों को रिकॉर्ड पर रखेगी। साथ ही, बंदियों को वापस भेजने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी देगी।

### 'विदेशियों को भी जीने का मौलिक अधिकार'

जस्टिस अभय एस ओका और एन कोटेश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि जीने का मौलिक अधिकार सिर्फ नागरिकों तक ही सीमित नहीं है। यह सभी व्यक्तियों का अधिकार है, विदेशियों का भी। उन्हें तुरंत उनके देश वापस भेजने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। बेंच 270 लोगों से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। ये लोग असम के डिटेंशन सेंटरों और ट्रांजिट कैंपों में बंद हैं।

### कोर्ट ने मुख्य सचिव को दिए निर्देश

अदालत ने कहा, हलफनामे के अनुसार कुछ विदेशी लगभग 10 साल या उससे ज्यादा समय से कैंपों में बंद हैं। हलफनामे में 270 लोगों को हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं बताया गया है। इसके अलावा, उन्हें वापस भेजने के लिए उठाए गए कदमों का भी कोई विवरण नहीं दिया गया है। यह इस अदालत के आदेशों का घोर उल्लंघन है। हम असम के मुख्य सचिव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहने और आदेश का पालन न करने के लिए सफाई देने का निर्देश देते हैं। असम की ओर से पेश वकील ने बेंच को बताया कि अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की प्रक्रिया केंद्र सरकार के माध्यम से होती है। उन्होंने कहा कि अवैध प्रवासियों की पूरी डिटेल्स, जिसमें उनका पता भी शामिल है, राज्य सरकार को विदेश मंत्रालय को देना होता है। फिर विदेश मंत्रालय राजनयिक माध्यमों से प्रवासियों की पहचान की पुष्टि करता है।

# पोर्ट ब्लेयर में देशभक्ति की भावना की गूंज



● केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने किया 'जय हिंद' पदयात्रा का नेतृत्व

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में पराक्रम दिवस समारोह के तहत अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) में 'जय हिंद' पदयात्रा में भाग लिया। इस कार्यक्रम में नेताजी की अदम्य भावना को श्रद्धांजलि दी गई और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अमूल्य योगदान का जश्न मनाया गया। फ्लैग प्वाइंट से नेताजी स्टेडियम तक लगभग 5 किलोमीटर के सुंदर मार्ग को कवर करने वाली इस पदयात्रा में लगभग 1500 माँय भारत युवा स्वयंसेवकों और युवा नेताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और स्वतंत्र एवं प्रगतिशील भारत के लिए नेताजी के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया।

# तिरुपति मंदिर भगदड़ की न्यायिक जांच के आदेश



● हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज को दी गई जिम्मेदारी

एजेंसी । अमरावती

आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति मंदिर में हुई भगदड़ की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज जस्टिस एम सत्यनारायण मूर्ति को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। बीती 8 जनवरी को तिरुपति के पद्मावती पार्क में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन के लिए दिए जाने वाले टोकन का इंतजार करते समय भगदड़ मच गई थी, जिसमें 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

# सुप्रीम कोर्ट ने तिहाड़ अधिकारियों के निलंबन को वापस लिया

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने यूनिटेक समूह के पूर्व प्रवर्तकों को कथित तौर पर सुविधाएं मुहैया कराने वाले तिहाड़ केंद्रीय जेल के एक अधिकारी को निलंबित करने का आदेश वापस ले लिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने छह अक्तूबर 2021 को दिया गया ये आदेश वापस लिया। इस आदेश में जेल में बंद यूनिटेक के पूर्व मालिकों को सुविधाएं देने आरोपों में तिहाड़ के अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया। बता दें कि इन अधिकारियों को दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना द्वारा की गई जांच के दौरान प्रथम दृष्टया संलिप्त पाया गया था।

# तेज रफ्तार गाड़ी चलाने वालों की खैर नहीं



वाहनों की गति मापने के लिए सरकार ने अधिसूचित किया नया नियम

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर लगाम कसने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने वाहनों की गति मापने के लिए रडार उपकरण नियम अधिसूचित किए हैं। ये नियम 1 जुलाई से लागू होंगे। नए नियमों के आने के बाद तेज रफ्तार गाड़ी चलाने वालों पर शिकंजा कसेगा। उपभोक्ता मामलों के विधिक माप विज्ञान प्रभाग ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के अंतर्गत वाहनों की गति मापने के लिए रडार उपकरण के नियमों को अधिसूचित किया है। सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि नए नियम 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी होंगे। नियमों के प्रावधानों का पालन करने के लिए उद्योग जगत को पर्याप्त समय दिया गया है।

# एमपी में अब नहीं बिकेगी शराब

## 17 शहरों में बिक्री पर बैन

एजेंसी । भोपाल



मध्य प्रदेश के 17 शहरों में शराबबंदी की घोषणा की गई है। ये 17 शहर धार्मिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नरसिंहपुर में एक कार्यक्रम के दौरान इसका एलान किया। हालांकि मुख्यमंत्री ने किसी शहर का नाम नहीं लिया, लेकिन माना जा रहा है कि ये 17 शहर उज्जैन, ओरछा, मंडला, महेश्वर, दतिया, ओंकारेश्वर, मुलताई, जबलपुर, नलखेड़ा, सलकनपुर, चित्रकूट, मंदसौर, मैहर, बरमान घाट, पन्ना, सांची और अमरकंटक हो सकते हैं।

### धार्मिक पर्यटन के रूप में विकास

सीएम मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के वे स्थल जहां भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम के चरण पड़े, उन्हें धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जायेगा। इस दौरान सांसद दर्शन सिंह, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल और विधायक महेन्द्र नागेश समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### 17 शहरों में लगेगी पाबंदी

मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 धार्मिक नगरों में पूरी तरह से शराबबंदी लागू की जाएगी। आपको बता दें कि सीएम मोहन यादव गुरुवार को गोटेगांव पहुंचे थे। यहां उन्होंने 'राष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट' में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि समाज में नशाखोरी से परिवार बर्बाद हो जाते हैं। हमने संकल्प लिया है कि 17 धार्मिक नगरों में हम शराबबंदी की घोषणा कर रहे हैं। धार्मिक नगरों में शराबी की दुकानों पर ताले लगाए जाएंगे। माना जा रहा है कि शराबबंदी का यह आदेश 1 अप्रैल से लागू होगा। पन्ना के आबकारी निरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में जो दुकानें संचालित हो रही हैं, वह पुरानी आबकारी नीति के तहत अभी वित्तिय वर्ष तक संचालित होंगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद जो नया नोटिफिकेशन और नई शराबनीति शासन के द्वारा भेजी जायेगी, उससे स्थितियां और साफ होंगी कि शराबबंदी की सीमा कहां तक होगी।